नई दिल्ली
नई दिल्ली, शनिवार 16 नवंबर 2019
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 23, अंक : 240
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00 *

मौसम
अधि. 28.0
न्यून. 15.0

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 एलएसी पर कोई तनाव नहीं : राजनाथ

खबर संक्षेप

दिल्ली हाईकोर्ट ने चिदंबरम को नहीं दी जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को जमानत देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप पहली नजर में गंभीर प्रकृति के हैं और अपराध में उनकी सक्रिय एवं प्रमुख भूमिका रही है। न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने कहा कि अगर मामले में चिदंबरम को जमानत दी जाती है तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा।

एमनेस्टी के दफ्तर पर सीबीआई ने की छापामारी

बेंगलुरु। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया के बेंगलुरु और दिल्ली कार्यालयों पर शुक्रवार को छापे मारे। सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि हां, छापे मारे गए हैं। विस्तृत जानकारी का इंतजार है। एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया के एक प्राधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि सीबीआई के करीब छह अधिकारी सुबह करीब साढ़े आठ बजे बेंगलुरु कार्यालय पहुंचे और शाम पांच बजे तक छापेमारी की। मानवाधिकार निगरानी संस्था ने एक बयान में कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान उत्पीड़न का एक स्वरूप उभरा है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स 600 पर पहुंचा, लोगों का सांस लेना हुआ दूभर

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कम न कर पाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

ऑड-ईवन समाधान नहीं 4 राज्यों के मुख्य सचिव तलब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिये उठाए गए कदमों की जानकारी प्राप्त करने के लिए शुक्रवार को पंजाब, हरियाणा, उप्र और दिल्ली मुख्य सचिवों को तलब किया है। शीर्ष अदालत ने ऑड-ईवन योजना से दुपहिया और तिपहिया वाहनों सहित कुछ अन्य वाहनों को छूट प्रदान करने पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा और कहा कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ऑड-ईवन समाधान नहीं हो सकता है। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए और दिल्ली में प्रदूषण वाले 13 मुख्य स्थानों को प्रदूषकों से मुक्त किया जाना चाहिए।

न्यायालय ने पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने में कटौती किए जाने के बावजूद दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होने पर चिंता व्यक्त की। दिल्ली सरकार ने पीठ से कहा कि उसकी सम-विषम योजना प्रदूषण कम करने में मददगार हुई है और इस क्षेत्र में प्रदूषण का मुख्य कारक पराली का जलाना है। इस बीच, केन्द्र ने न्यायालय को सूचित किया कि वह दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लये 'स्माग टावर' लगाने की संभावना पर गौर कर रहा है।

खास बातें

- दिल्ली सरकार बताए, ऑड-ईवन से कोई राहत मिली या नहीं?
- कोर्ट ने पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने में कटौती किए जाने के बावजूद दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होने पर चिंता व्यक्त की
- दिल्ली में प्रदूषण वाले 13 मुख्य स्थानों को प्रदूषकों से मुक्त किया जाना चाहिए

दिल्ली सरकार बताए लोग सांस कैसे लेंगे

अदालत ने दिल्ली सरकार से पूछा, दिल्ली बुरी तरह पीड़ित है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) आज भी लगभग 600 है। लोग सांस कैसे लेंगे? सरकार ने अदालत को बताया कि ऑड-ईवन योजना की वजह से प्रदूषण में 5-15 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह परिणाम और बेहतर हो सकते हैं कि यदि इस योजना के तहत कोई छूट न दी जाए। पराली जलाने की वजह से दिल्ली में प्रदूषण हो रहा है। साथ ही कहा कि पिछले साल ऑड-ईवन के प्रभाव को लेकर कोई शोध नहीं हुआ।

केंद्र सरकार को निर्देश-एयर प्यूरीफाइंग टावर लगाने का खाका तैयार करें

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि प्रदूषण संकट से निपटने के लिए दिल्ली में वायु एयर प्यूरीफायर टावर लगाने के लिए एक रोड मैप तैयार करे। कोर्ट ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) से कहा कि प्रदूषण फैलाने वाले ईंधन के 3 पहिया वाहनों की जांच हो और रिपोर्ट फाइल हो। साथ ही दिल्ली विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग और अन्य नागरिक निकायों को अदालत के आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निगरानी समिति के साथ सहयोग करने के लिए कहा।

लगातार चौथे दिन दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' की श्रेणी में

दिल्ली शुक्रवार को धुंध की मोटी चादर में लिपटी रही और लगातार चौथे दिन प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' की श्रेणी में रहा। दिल्ली में शुक्रवार सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 467 दर्ज किया गया जो 'गंभीर' की श्रेणी' में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड(सीपीसीबी) के अनुसार सभी निगरानी केंद्रों पर वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पायी गयी।

ऑड-ईवन की अवधि बढ़ाए जाने पर सोमवार को होगा फैसला

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि सम-विषम योजना की अवधि बढ़ाए जाने पर अंतिम फैसला सोमवार सुबह किया जाएगा क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में आगामी दो-तीन दिन में वायु गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है। केजरीवाल ने कहा कि हम नहीं चाहते कि लोगों को अनावश्यक असुविधा हो।

मध्यावधि चुनाव की संभावना को खारिज कर बोले पवार

सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू, 5 साल पूरे करेंगे

एजेंसी ▶▶ मंबई

महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस की समन्वय समिति की पहली बैठक में न्यूनतम साझा कार्यक्रम (सीएमपी) की रूपरेखा तय हो चुकी है। शुक्रवार को शरद पवार ने कहा कि सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू, 5 साल पूरे करेंगे। हमने मुलाकात के लिए राज्यपाल से आज(शनिवार) दोपहर 3 बजे का वक्त मांगा है। पवार ने कहा कि पार्टियां स्थिर सरकार चाहती हैं, जिनका मकसद विकास करना होगा। मध्यावधि चुनाव की कोई गुंजाइश नहीं है। यह सरकार बनेगी और अपना पांच सालों का कार्यकाल पूरा करेगी।

वहीं पवार के सहयोगी और राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने मुंबई में कहा कि मुख्यमंत्री का पद शिवसेना के पास रहेगा। मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवसेना का होगा। मुख्यमंत्री पद के मुद्दे पर ही उसने महायुति को छोड़ा है। उनकी भावनाओं का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है।

- शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस ने आज दोपहर 3 बजे राज्यपाल से मिलने का मांगा समय
- मुख्यमंत्री का पद शिवसेना के पास रहेगा
- राउत बोले- उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पार्टी अगले 25 साल महाराष्ट्र में चलाएगी सरकार

वहीं शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने मुंबई में कहा कि महाराष्ट्र में अगली सरकार उनकी पार्टी की अगुवाई वाली होगी और सीएमपी राज्य के हित में रहेगा। उन्होंने दावा किया कि उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पार्टी अगले 25 साल महाराष्ट्र में सरकार चलाएगी, केवल पांच साल नहीं।

पाटिल ने किया दावा- भाजपा जल्द बनाएगी सरकार, 119 विधायकों का समर्थन

महाराष्ट्र भाजपा के प्रमुख चन्द्रकांत पाटिल ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा को 119 विधायकों का समर्थन प्राप्त है और वह जल्दी ही राज्य में सरकार का गठन करेगी। पाटिल का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब भाजपा के गठबंधन सहयोगी शिवसेना ने राजग से नाता तोड़ लिया है और कांग्रेस तथा राकांपा के साथ मिलकर सरकार गठित करने की ओर बढ़ रही है। पाटिल का दावा है कि 21 अक्टूबर को हुए चुनाव में भाजपा को 105 सीटें मिली थीं लेकिन वर्तमान में उसके पास कुछ निर्दलीय विधायकों का समर्थन है और उसकी संख्या 119 पहुंच गई है।

महंगा होगा ट्रेनों में चाय, नाश्ता और खाना

नई दिल्ली। राजधानी, शताब्दी और दुरंतो ट्रेनों में चाय, नाश्ता और खाना महंगा होने जा रहा है। इन ट्रेनों के टिकट लेते वक्त ही चाय, नाश्ते और खाने का पैसा भी देना पड़ता है। वहीं, दूसरी ट्रेनों में भी यात्रियों को महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी। टिकटिंग सिस्टम में नए मेन्यू और शुल्क 15 दिनों में अपडेट हो जाएंगे जबकि 120 दिनों (चार महीने) के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछली बार 2014 में दरें बदली गई थीं। लागू की गई नई दरों के अनुसार, शताब्दी, दुरंतों और राजधानी में फर्स्ट क्लास एसी में चाय पर 6 रुपये बढ़ाते हुए कीमत 35 रुपये कर दी गई है। नाश्ते में 7 रुपये बढ़ाते हुए कीमत अब 140 रुपये हो गई है। दोपहर और रात के खाने में 15 रुपए बढ़ाए गए है इसी के साथ कीमतें 245 हो गई हैं। एसी दूसरी क्लास और तीसरी क्लास में 5 रुपए की बढ़ोतरी के साथ चाय की कीमतें 20 रुपये हो गई है।

मयंक ने जड़ा दूसरा दोहरा शतक, ब्रैडमैन को पछाड़ा

इंदौर। भारत के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने अपने टेस्ट करियर का दूसरा दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने मेहदी हसन की गेंद पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। अग्रवाल अपने दोहरे शतक के साथ ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन से भी आगे निकल गए। मयंक ने यहां के होल्कर स्टेडियम में बांग्लादेश के साथ जारी पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन छक्के के साथ अपने करियर का दूसरा दोहरा शतक पूरा किया। दोहरा शतक के बाद उन्होंने अपनी बैटिंग में और भी आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया और तेजी से रन जुटाने में बिजी हो गए। हालांकि 243 के निजी स्कोर पर वह मेहदी हसन की गेंद पर ही बाउंड्री लाइन के भीतर कैच आउट हो गए।

'जज मौन रहकर अपनी स्वतंत्रता का करें प्रयोग'

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता और जजों की आजादी पर कहा कि जजों को मौन रहकर अपनी स्वतंत्रता का प्रयोग करना चाहिए। सीजेआई ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रेस के व्यवहार की भी सराहना की। अपने आखिरी वर्किंग डे पर चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने न्यायपालिका और सहकर्मियों के नाम संदेश दिया। जस्टिस गोगोई ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि देश के अगले प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसए बोबड़े होंगे। वह 18 नवंबर को पद की शपथ लेंगे।

- अपने लास्ट वर्किंग डे पर सीजेआई गोगोई ने जजों को दिया संदेश
- 17 नवंबर को हो रहे रिटायर, अगले सीजेआई होंगे जस्टिस बोबड़े

रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को लगाया दो करोड़ का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ एविएशन कंपनी में पार्टनर बनाकर हेलीकॉप्टर डील के नाम पर उगाही गई रकम

हेलीकॉप्टर दिलवाने का झांसा देकर इंडियन एयरफोर्स के रिटायर्ड अधिकारी से दो करोड़ से ज्यादा की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप एक एविएशन कंपनी और उसके दो डायरेक्टर्स पर है। उन्होंने पहले रिटायर्ड अधिकारी को अपनी कंपनी में पार्टनर बनवाया और फिर हेलीकॉप्टर खरीद का सौदा में मोटे मुनाफे का लालच दिखाकर करोड़ों रुपये उनसे ले बिजनेस में इंवेस्ट करवा लिये। बाद में उन्हें कंपनी से बेदखल कर दिया। अब केस आर्थिक अपराध शाखा के पास है।

इस मामले में शिकायतकर्ता सतीश पठानिया है। वह द्वारका में रहते हैं। गत वर्ष के अगस्त में दो जानकार डायरेक्टरों ने उनसे संपर्क किया था। दोनों ने खुद को एक एविएशन कंपनी का डायरेक्टर बताया था। सतीश को भी अपना बिजनेस पार्टनर बनने के लिए राजी कर लिया गया था। उन्हें एविएशन बिजनेस में मोटे मुनाफे का लालच दिया गया था। सतीश एयरफोर्स में एयर सार्जेंट से रिटायर हुए थे, जिसके कारण उनको भी एविएशन इंडस्ट्री की काफी जानकारी था। आरोपियों ने सतीश को झांसा दिया कि बेंगलुरु में डेब्ट रिकवरी टर्मिनल (बीआरटी) किंगफिशर कंपनी के दो हेलीकॉप्टर नीलाम कर रही है। सतीश उनकी बातों में आ गए और कंपनी की तरफ से हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

शुरू में तीनों पार्टनर्स को पैसे देने थे, लेकिन फिर सतीश के अलावा बाकी दोनों पार्टनर्स ने अपने पास पैसे न होने की बात कहकर करीब सवा दो करोड़ रुपये सतीश से कंपनी को दे दिए। अब उनके पास भी पैसे खत्म हो गए थे और जब दोनों पार्टनर्स को लगा कि सतीश आगे पैसा नहीं देंगे, तो उन्होंने दूसरी चाल चली। उन्होंने सतीश की पार्टनरशिप खत्म कर बीआरटी से सौदा रद्द करवा लिया। बीआरटी ने पांच लाख रुपये जुर्माना लेकर सौदा रद्द कर दिया और सतीश का पैसा दोनों आरोपियों को दे दिया। इधर सतीश को सौदा रद्द होने के कारण पैसे जब्त होने की बात कहीं गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है।

लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाला गैंग सरगना पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने हाईवे लुटेरों के गैंग सरगना सुरेंद्र उर्फ सागर को गिरफ्तार किया है। स्पेशल टास्क फोर्स के हत्थे चढ़ा यह बदमाश आईएसबीटी, धौला कुआं, सराय काले खां और एम्स जैसी जगहों पर सवारियों को लिफ्ट देकर रास्ते में लूटपाट करता था। आरोपी के पास से लग्जरी कार, देशी कट्टा और दो कारतूस बरामद किये हैं। यह बदमाश कोर्ट द्वारा भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था। पुलिस ने इसे सराय काले खां बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस की जांच में पता चला कि सातवीं कक्षा तक पढ़ा यह बदमाश शुरु में नोएडा की एक कंपनी में हाउस कीपिंग का काम करने लगा था। बाद में ड्राइवरी शुरू कर दी। इसके बाद लूटपाट करने लगा। 2010 में साकेत थाने की पुलिस द्वारा भी वह गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस को इसकी सनलाइट कालोनी और दिल्ली कैंट थानों के चार मामलों में भी तलाश थी।

फैक्ट्री वर्करों को बेचते थे लूट के मोबाइल, तीन धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका नॉर्थ पुलिस ने स्नैचिंग की वारदातों में शामिल एक नाबालिग समेत तीन बदमाशों को पकड़ा है। इनके पास से पांच मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपी मोबाइल लूटकर आसपास के इलाके की फैक्ट्रियों के कर्मचारियों को बेच देते थे। पकड़े गये दो आरोपियों के नाम संजीव उर्फ संजू और राजेंद्र उर्फ राजू बताये गये हैं। पुलिस ने इस गिरफ्तारी के बाद चार मामलों का खुलासा किया है। द्वारका नॉर्थ थाने की पुलिस गत तीन दिनों में तीन गैंग के छह बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है। इन गिरफ्तारियों से करीब 12 केस सुलझे हैं।

intec CAPITAL LIMITED
Sapne Aapke, Bharosa Apno ka
CIN: L74899DL1994PLC057410
पंजी. कार्यालय : 708, मंजूषा, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110019
T- +91-11-4652200/300; F- +91-1146522333
Website: www.inteccapital.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशन एवं डिस्कोलर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 और अन्य लागू नियमन के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशन एवं डिस्कोलर आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 (यहां इसके पश्चात् सेबी एलओडीआर 2015 के रूप में संदर्भित) के नियमन 33 और अन्य लागू नियमन के तहत 30 सितम्बर 2019 को समाप्त अर्ध वर्ष हेतु देनदारियों और परिसम्पत्तियों के विवरण सहित 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही / अर्ध वर्ष हेतु वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा सीमित अंकेक्षित समीक्षा रिपोर्ट और अन्य बातों के अलावा INDAS के अनुरूप अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन व समेकित) पर विचार करने, अनुमोदन करने और ग्रहण करने के लिये कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक शुक्रवार, 29 नवम्बर, 2019 को आयोजित की जाएगी।

इस सूचना में निहित जानकारी कम्पनी वेबसाइट www.inteccapital.com और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/-
पुनीत सहगल
कम्पनी सचिव
एम. नं. : एसीएस-12557

दिनांक : 14.11.2019
स्थान : नई दिल्ली

हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। जीटीबी एंक्लेव थाना पुलिस ने ऐसे चार आरोपियों को पकड़ा है, जोकि पिस्टल के बल पर लूटपाट करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के नाम धनंजय उर्फ लक्की (19), अनिल (22), ऋषभ (22) और विकास उर्फ डीके है। चारों आरोपी करावल नगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से पांच पिस्टल, दो मैगजीन, आठ कारतूस, चार बाइक, लूट के 35 हजार रुपये, एक लूटा गया फोन बरामद किया हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस पांच मामले सुलझाने का दावा कर रही हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही हैं। डीसीपी (शाहदरा) अमित शर्मा के मुताबिक, शाहदरा जिले में स्ट्रीट क्राइम को रोकने के लिए जीटीबी एंक्लेव एसएचओ, ए के सिंह की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया। टीम में एएसआई पवन, हेड कांस्टेबल रामबीर, कांस्टेबल सुजीत और आशीष मौजूद रहें। इसी बीच एएसआई पवन को सूचना मिली कि बिना नंबर प्लेट वाली दो नई बाइकों पर कुछ कुख्यात बदमाश अवैध हथियारों के साथ एमटीएनएल गोल चक्कर जीटीबी एंक्लेव से ताहिरपुर लाल बत्ती की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया। पुलिस ने देखा कि बिना नंबर प्लेट वाली दो बाइकों पर तीन युवक सवार होकर आ रहे है।

जेएनयू प्रशासन ने तोड़फोड़ की शिकायत दर्ज करवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रशासन ने प्रशासनिक खंड में तोड़फोड़ के बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। कुलपति एम जगदीश कुमार ने कहा कि बृहस्पतिवार को रात 11 बजे शिकायत दर्ज करवाई गई। इसमें वीडियो और फोटो के सबूत भी दिए गए। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें शिकायत मिली है और इसकी जांच की जा रही है। बुधवार को छात्र होस्टल फीस में वृद्धि के बारे में कुलपति से बात करने के लिए प्रशासनिक खंड में घुस गए थे। यहां की दीवारों पर उन्होंने कुलपति के बारे में कई बातें लिखी थीं। बृहस्पतिवार को परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा में पैरों की ओर कई आपत्तिजनक संदेश भी लिखे हुए थे जिनका लक्ष्य दक्षिणपंथी संगठन थे। प्रतिमा का अब तक अनावरण नहीं हुआ है। छात्रों के विरोध के बाद जेएनयू ने फीस वृद्धि को आंशिक रूप से वापस लेने की घोषणा की लेकिन छात्रों ने इसे आंखों में धूल झोंकने जैसा बताया।

जोर जबरदस्ती से संवाद तय नहीं किया जा सकता : कुलपति

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलपति एम जगदीश कुमार ने शुक्रवार को आंदोलन कर रहे छात्रों से इसे समाप्त करने की अपील करते हुए कहा है कि जोर जबरदस्ती तथा अवैध तरीके से संवाद स्थापित नहीं किया जा सकता है । कुलपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से भी अनुरोध किया कि वे असंतुष्ट छात्रों से आंदोलन को समाप्त करने की अपील करें क्योंकि परिसर के उन हजारों छात्रों की पढ़ाई में व्यवधान पैदा हो रहा है, जो अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेएनयू प्रशासन हमेशा बातचीत और चर्चा के माध्यम से मुद्दों को सुलझाना पसंद करता आया है, लेकिन इस तरह की किसी भी बातचीत की प्रक्रिया और रूप को जबरदस्ती तथा अवैध तरीकों से तय नहीं किया जा सकता। इस तरीके से किसी भी संवाद का फायदा नहीं होगा। छात्रों के दो हफ्तों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले ऐसे छात्रों की होस्टल फीस की बढ़ोत्तरी को वापस ले लिया है जिनके पास कोई स्कालरशिप नहीं है। छात्रों ने इसे धोखा करार दिया है। कुलपति ने शिक्षकों से कहा है कि वह छात्रों को समझाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें।

गुमशुदा/अपहृत व्यक्ति की तलाश


आनंद मिश्रा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम आनंद मिश्रा **S/o** स्व. श्री गोपी नारायण **R/o** म.नं. ए-202, नियर राधा कृष्ण मंदिर, स्वरुप नगर, दिल्ली **उम्र** 48 साल, जो 16.10.2019 से पुलिस थाना क्षेत्र, स्वरुप नगर, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No.09-A दिनांक 19.10.2019** थाना स्वरुप नगर, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है: **रंग:** सांवला, **कद:** 5'6", **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, जिसने गुलाबी रंग की शर्ट, स्लेटी रंग का पैंट और काले रंग की चप्पल पहनी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष स्वरूप नगर, दिल्ली को ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
DP/764/ON/19

हस्ता/-
थानाध्यक्ष: स्वरुप नगर, दिल्ली
फोन: 011-27811415, 27811738

किराये को लेकर भिड़े मकान मालिक व किरायदार

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर दर्ज किया मामला, एक युवती ने कपड़े फाड़ने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुल्तानपुरी थाना इलाके में बृहस्पतिवार रात मकान मालिक व किरायदारों के बीच किराये को लेकर झगड़ा हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान किसी ने एक युवती के कपड़े फाड़ दिये। मौके पर मौजूद लोग वीडियो तो बनाते रहे, लेकिन कोई भी युवती की मदद से लिए आगे नहीं आया। युवती का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह थाने के बाहर अत्महत्या कर लेगी। वहीं, डीसीपी (आउटर) डॉक्टर ए. कॉन का कहना है कि फिलहाल दोनों पक्षों की शिकायत पर मामले दर्ज कर लिए गए हैं। इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। फिलहाल पुलिस अजय उर्फ बंटी, जितेंद्र और विनोद से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को रात में सुल्तानपुरी डी-ब्लॉक में झगड़ा होने की कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों में बेबी, पूजा, उसका भाई अजय, गुलाब शामिल हैं। मकान मालिक की बेटी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनके घर के सामने उनके दूसरे मकान में किरायेदार रहते हैं, जिन्होंने तीन माह से किराया नहीं दिया। इस पर उन्होंने मकान खाली करने के लिए कहा तो वह मकान भी खाली नहीं करते। किरायदारों से इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। रात को पूजा की मां किराया लेने गई तो किरायेदार उन्हें गाली देने लगे। इस पर बंटी ने कहा कि आप मां को गाली न दे, चाहे किराया न दे। इस पर जितेंद्र, काले, विनोद व अन्य लोग डंडे लेकर निकले और बंटी पर जानलेवा हमला कर दिया। बंटी के चिल्लाने की आवाज सुनकर मकान मालिक की बेटी उसकी मां व परिवार के अन्य सदस्य बंटी के बचाने आये। तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया।

चमक होल्डिंग्स लिमिटेड
CIN: L5149DL1984PLC019684
पंजी. कार्यालय : 55-बी, रामा रोड इंडस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-110015
30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित
वित्तीय परिणामों का विवरण (रु. लाखों में)

विवरण	अअंकेक्षित			अंकेक्षित
	समाप्त 3 माह 30.09.2019	समाप्त वर्तमान अवधि हेतु वर्ष से तिथि आंकड़े 30.09.2019	पूर्ववर्ती वर्ष में समाप्त अनुकूल 3 माह 30.09.2018	पूर्ववर्ती वर्ष के वर्ष से तिथि आंकड़े 31.03.2019
1 प्रचालन से कुल आय	925.40	2,998.72	2,064.42	6,960.50
2 वर्ष हेतु शुद्ध लाभ (कर और असाधारण मदों से पूर्व)	9.93	101.87	24.88	19.06
3 कर से पूर्व वर्ष हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण मदों के बाद)	9.93	101.87	24.88	4.13
4 कर के बाद वर्ष हेतु शुद्ध लाभ और असाधारण मदें)	6.63	70.59	21.45	(41.21)
5 कुल व्यापक आय [कर के बाद वर्ष हेतु लाभ / हानि निहित और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	11.79	34.76	6.11	(141.84)
6 भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के)	324.50	324.50	324.50	324.50
7 अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं)				
- बेसिक व डायल्युटेड अर्जन प्रति शेयर (रु. में)	0.04	0.11	0.02	(0.44)

टिप्पणी :
1. उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और निदेशक मंडल द्वारा इसकी 14 नवम्बर 2019 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किये गये।
2. सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुरूप उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा कम्पनी के वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा कर ली गई है और इस पर उनकी सीमित समीक्षा रिपोर्ट जारी कर चुके हैं।
3. कम्पनी (Ind AS) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित अनुसार "परिचालन सेगमेंट्स" Ind AS-108 के प्रावधानों के अनुसार और कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 में उपलब्ध किये अनुसार, कम्पनी के परिचालन "ट्रेडिंग ऑफ प्लास्टिक, स्टील स्क्रैप्स इत्यादि" शीर्षक के अन्तर्गत आते हैं। जिन्हें प्रबंधन द्वारा केवल रिपोर्टेबल सेगमेंट के रूप में लिया गया है।
4. प्रबंध निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी प्रमाणित कर चुके हैं कि 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों में कोई असत्य अथवा भ्रामक विवरण अथवा आंकड़े नहीं है और ऐसा कोई भौतिक तथ्य नहीं छुपाया गया है जो इनमें निहित विवरण अथवा आंकड़ों को भ्रामक बनाए।
5. 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.chamakholdings.com और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध हैं।
6. पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़े वर्तमान अवधि के वर्गीकरण से पुष्ट करने के लिये जहां आवश्यक है, रिग्रुप्ड / रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
चमक होल्डिंग्स लिमिटेड
हस्ता/-
अनुभव कथूरिया
प्रबंध निदेशक
डीआईएन नं. 01198916

दिनांक : 14 नवम्बर 2019
स्थान : नई दिल्ली

बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने गई बीएसईएस की टीम पर हमला

नई दिल्ली। मौजपुर इलाके में बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची बीएसईएस की टीम पर चोरों ने हमला कर दिया। हमले में कंपनी के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट समेत दो अधिकारी घायल हो गए। घायल होने के बाद भी बीएसईएस अधिकारियों ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी और 38 किलोवॉट की बिजली चोरी पकड़ने में कामयाब रहें। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सुरेंद्र उर्फ पप्पी, जितिन, नीशू, प्रदीप और दीपक है। फिलहाल जाफराबाद थाना पुलिस ने असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट आर एस शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

दिवंगत पत्रकार के परिवार को दी दस लाख की सहायता राशि

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए पत्रकार रमेश कुमार के परिवार को दस लाख रुपये की सहायता राशि दी है। स्वर्गीय रमेश कुमार के पिता विजय कुमार व पत्नी सीमा देवी ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री के हाथों चेक प्राप्त किया। विजय कुमार व सीमा देवी ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री से प्राप्त सहायता राशि का इस्तेमाल बच्चों की शिक्षा व परिवार के भरण-पोषण में किया जाएगा। रमेश कुमार अपने पीछे दो बेटी व एक बेटा छोड़ गए हैं। बड़ी बेटी दसवीं में पढ़ाई करती है। रमेश कुमार के स्वर्गवास के बाद परिवार के सामने भीषण आर्थिक संकट खड़ा हो गया था। बच्चों की शिक्षा जारी रखने व परिवार पालने का संकट सीमा देवी के सामने आ गया था।

सूट-बूट पहनकर फंक्शनों में होता है शामिल, मौका पाते ही उड़ा लेता है रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ कड़कड़डूमा स्थित सीबीडी ग्राउंड की घटना, बैग में थे पांच लाख रुपये

■ वीडियो रिकॉर्डिंग में चोरी करता दिखाई दिया आरोपी

शादी-पार्टियों में एक चोर सूट बूट पहनकर आता है और सबका बैंड बजाकर मौके से फरार हो जाता है। दरअसल कड़कड़डूमा स्थित सीबीडी ग्राउंड में एक चोर ने रिसेप्शन पार्टी में आकर पांच लाख रुपये से भरे बैग पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद आरोपी आसानी से मौके से फरार हो गया। परिजनों ने जब फंक्शन की वीडियो रिकॉर्डिंग देखी तो उन्हें एक चोर बैग ले जाता दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। फिलहाल आनंद विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस वीडियो रिकॉर्डिंग की मदद से आरोपी को पहचाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक, 11 नवंबर को कड़कड़डूमा के सीबीडी ग्राउंड में बिल्डर आजाद बंसल के बेटे आशीष बंसल की शादी के रिसेप्शन फंक्शन चल रहा था। कार्यक्रम में सैकड़ों मेहमान आए थे। इसी बीच एक चोर सूट-बूट पहनकर रिसेप्शन में शामिल होता है। शामिल होने के बाद दूल्हा-दुल्हन की स्टेज के पास जाकर खड़ा हो जाता है। जैसे ही दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर खड़े होकर मेहमानों के साथ फोटो खिंचवाने लगे, तभी मौका पता ही चोर ने सोफे पर रखा बैग गायब कर दिया। बैग में पांच लाख रुपए थे। बैग चोरी होने के बारे में पता चलते ही सभी ने बैग को ढूढ़ा, मगर बैग नहीं मिला। इसके बाद सभी महमान अपने-अपने घर लौट गए। बैग नहीं मिलने पर परिजनों ने विडियो रिकॉर्डिंग देखी। रिकॉर्डिंग में चोर बैग ले जाता हुआ दिखा। आरोपी ने हरे रंग का सूट पहना हुआ था। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी।

एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड
CIN No. L72100DL1993PLC179154
पंजी. कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम (रु. लाखों में)

विवरण	समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2019 अअंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2019 अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2018 अंकेक्षित
प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	920.16	4,040.36	3,250.39
कर के बाद असाधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-)	(277.76)	(16,427.88)	(5,836.22)
कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद)	(277.76)	(16,427.88)	(5,836.22)
इक्विटी शेयर कैपिटल	17,095.53	17,095.53	17,095.53
पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व	2,464.60	2,992.60	18,790.85
अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं)			
असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में)	(0.02)	(0.96)	(0.34)
असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में)	(0.02)	(0.96)	(0.34)
असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में)	(0.02)	(0.96)	(0.34)
असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में)	(0.02)	(0.96)	(0.34)

टिप्पणी :
1) स्टैंडअलोन जानकारी

विवरण	समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2019 अअंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2019 अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2018 अंकेक्षित
प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	912.02	3,962.00	2,905.16
कर के बाद असाधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-)	42.87	178.61	302.16
कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद)	42.87	178.61	302.16
इक्विटी शेयर कैपिटल	17,095.53	17,095.53	17,095.53
असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में)	0.003	0.010	0.018
असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में)	0.003	0.010	0.018
असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में)	0.003	0.010	0.018
असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में)	0.003	0.010	0.018

2) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 14.11.2019

300 से ज्यादा क्लोन्ड एटीएम कार्ड बरामद

एटीएम कार्ड क्लोनर गैंग का पर्दाफाश, दो धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट स्पेशल स्टाफ ने दो हाईटेक इंटरस्टेट एटीएम डेबिट/क्रेडिट कार्ड्स क्लोनर्स को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 300 से ज्यादा कार्ड्स, एक स्कीमर मशीन, बैटरीज, कैमरा कम स्कैनर और एक लोडेड देशी कट्टा दो कारतूसों के साथ बरामद हुआ है। पकड़े गये क्लोनर्स के नाम कृष्णा गोपाल और सुमित गोला बताये गये हैं। दोनों को महिपालपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी देवेंद्र आर्या के अनुसार हाल में इनके बारे में सूचना मिली थी। स्पेशल स्टाफ की टीम ने होती कैंप, महिपालपुर के नजदीक ट्रैप लगाया और छतरपुर रोड से आये बदमाशों को रोकना चाहा। लेकिन बाइक सवारों ने गलत दिशा में भागने का प्रयास किया। पुलिस अलर्ट थी तो कुछ ही दूरी पर पीछा कर दोनों को पकड़ लिया गया। उनके पास मौजूद बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 300 से ज्यादा क्लोन्ड कार्ड्स व अन्य सामान बरामद हुआ। दोनों से पूछताछ हुई तो उन्होंने बताया कि सभी सामान ऑनलाइन शॉपिंग साइट अलीबाबा से खरीदा गया था। सभी सामान प्राप्त करने के बाद दोनों ने दिल्ली-एनसीआर के एटीएम बूथों में उन्हें फिट किया। आरोपियों ने एनसीआर के अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा, यूपी, हरियाणा और मध्य-प्रदेश में भी इन डिवाइस के जरिये लोगों के कार्ड्स का डाटा इकट्ठा किया। इस प्रोसेस के दौरान सुमित एटीएम मशीन के 50-60 मीटर के दायरे में रहता था। कुछ घंटो बाद ये लोग डिवाइस को वापस मशीन से निकालते और उसका डाटा अपने मेमोरी चिप में डालते थे। ये लो जी-मेल, विक्कर और टूटानोटा के सोफ्टवेयर इंजीनियर्स के संपर्क में भी रहते थे और ऑनलाइन उनकी मदद लेते रहते थे। इन इंजीनियर्स को 100 से 10 हजार रुपये तक प्रत्येक डिस्क्रिप्शन के लिये अदा किया जाता था। इनकी पेमेंट बिटकॉइन या फिर अकाउंट में कैश ट्रांसफर से होती थी।

खबर संक्षेप

अनधिकृत कॉलोनियों में मुफ्त सीवेज सफाई कराएंगे: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को अनधिकृत कॉलोनियों में मुफ्त सीवेज सफाई योजना की घोषणा की और कहा कि योजना के तहत इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग अपने सेप्टिक टैंकों की मुफ्त में सफाई करवा सकते हैं। दिल्ली में लगभग 1700 अनाधिकृत कॉलोनियां हैं जिनमें 430 कॉलोनियों में सीवर लाइनें हैं। बाकी कॉलोनियों में लोगों के पास सेप्टिक टैंक हैं जिनकी सफाई के लिए लोग सफाईकर्मियों की सेवा लेते हैं। केजरीवाल ने कहा कि इन टैंकों की सफाई करते हुए कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। इस कदम से दिल्ली में सफाई का स्तर बढ़ेगा और ऐसी घटनाओं पर रोक लग सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार एजेंसी नियुक्त कर अनधिकृत कॉलोनियों में सेप्टिक टैंक साफ कराएगी और इसके लिए एक महीने में निविदा जारी की जाएगी। सफाई के बाद निकली गंदगी को डीजेबी ट्रकों से सीवेज निस्तारण संयंत्रों में ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई व्यक्ति एक खास फोन नंबर पर सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए अनुरोध कर सकता है।

बायोडॉयवर्सिटी पार्क के कर्मी हड़ताल पर

नई दिल्ली। बुराड़ी स्थित मशहूर यमुना बायोडॉयवर्सिटी पार्क के दर्जनों अनुबंधित कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में हडताल शुरू कर दी है। शनिवार को हड़ताल का दूसरा था। प्रदर्शन व हड़ताल कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि हमारे साथ प्रशासन लगातार उपेक्षा कर रही है। यमुना बायोडॉयवर्सिटी पार्क (वाईबीपी) एकता संगठन के रविंद्र कुमार का कहना है कि हमें करीब 17-18 साल हो गए है यहां काम करते हुए। यहां 180 के करीब अनुबंधित कर्मचारी कार्यरत है। लेकिन हमें आज तक नियमित नहीं किया गया है। हमें आज तक मेडिकल सुविधा तक नहीं दी जा रही।

गौतम गंभीर-हेमा मालिनी भी रहे गायब

प्रदूषण पर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में पहुंचे 29 में से केवल 4 सांसद

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में दिनों दिन बढ़ते प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को आयोजित संसदीय कमेटी की बैठक को अचानक स्थगित करना पड़ा। बताया जा रहा है कि बैठक को स्थगित करने का कारण सांसदों व अधिकारियों के बैठक में न पहुंचना रहा। इस संसदीय समिति के 29 सांसद सदस्य हैं लेकिन बैठक के लिए सिर्फ 4 सांसद ही पहुंचे। वहीं एमसीडी के तीनों कमिश्नर, डीडीए के वाइस चेयरमैन और पर्यावरण मंत्रालय के संयुक्त सचिव भी इस बैठक में नहीं पहुंचे। इसके बाद शहरी विकास मंत्रालय की कमेटी ने अधिकारियों के इस रुख को लेकर नाराजगी भी जताई है।

बैठक में इन बिंदुओं पर होनी थी चर्चा

इस उच्च स्तरीय बैठक में पराली जलाने, निर्माण व उद्योगों के चलते हो रहे वायु प्रदूषण, थर्मल पावर से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उपायों के बारे में चर्चा होनी थी। इस बैठक में कृषि, शहरी विकास, पंचायती राज, ग्रामीण विकास मंत्रालय समेत यूपी, दिल्ली, पंजाब हरियाणा, राजस्थान के पर्यावरण मंत्रियों और अधिकारियों शामिल होना था। बता दें कि इस बैठक को लेकर पड़ोसी राज्यों के पर्यावरण सचिवों को चिट्ठी भेजी गई थी, जिसमें कहा गया था कि सभी राज्य वायु प्रदूषण के ताजा हालातों पर अपनाए जा रहे उपायों और दीर्घकालीन प्रयासों की विस्तृत रिपोर्ट के साथ 17 नवंबर को बैठक में शामिल हों। प्रदूषण को लेकर अब दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने प्रदूषण पर दिल्ली सरकार सहित अन्य जिम्मेदार विभागों की खिंचाई की है। हाईकोर्ट ने कहा, दिक्कत समाधानों का क्रियान्वयन ठीक तरीके से न करने के कारण है। इस मामले में इच्छाशक्ति की कमी साफ दिखाई दे रही है। अगर हमें दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाना है तो सभी को अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी। इसमें नागरिक भी शामिल हैं।

आप ने घेरा तो गंभीर बोले- मेरा मजाक उड़ाने से प्रदूषण कम हो जाए, तो उड़ा लो

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर के प्रदूषण से संबंधित उच्च स्तरीय बैठक से अनुपस्थित रहने को लेकर हमला किया है। पार्टी ने पूर्व क्रिकेटर पर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदूषण पर सियासत करने की बात हो तो गौतम गंभीर हमेशा आगे रहते हैं, लेकिन प्रदूषण से निपटने के उपायों की चर्चा में नहीं आते. जिसके बाद अब गौतम गंभीर ने ट्वीट कर जवाब में एक बयान जारी किया है. उन्होंने एक नोट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि मेरा मजाक उड़ाने से अगर प्रदूषण कम हो जाए तो जी भर कर उड़ा लीजिये।

ऑड-ईवन पर सोमवार को होगा फैसला: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए शुरू की गई ऑड-ईवन योजना का शुक्रवार को अंतिम दिन था। इसकी अवधि बढ़ाए जाने को लेकर अंतिम फैसला सोमवार सुबह किया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान उक्त बाते कहते हुए बताया कि राजधानी में आगामी दो-तीन दिन में वायु गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है। हम नहीं चाहते कि लोगों को अनावश्यक असुविधा हो। केजरीवाल ने कहा कि हम हालात पर नजर रख रहे हैं। यदि हालात सुधरते हैं, तो ऑड-ईवन की अवधि बढ़ाने की आवश्यकता नहीं होगी। बता दें कि उक्त योजना 4 से 15 नवंबर तक थी। योजना को लेकर केजरीवाल ने कहा कि योजना का मकसद धूल, चिमनी और वाहनों से उत्सर्जन जैसे प्रदूषण के स्थानीय स्रोतों पर लगाम लगाना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर औसतन प्रतिदिन 30 लाख कारें चलती हैं।

बारिश में देरी, प्रदूषण से निजात नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार चौथे दिन शुक्रवार को भी धूमकोहरे (स्मॉग) की मोटी परत छायी रही और प्रतिकूल मौसम के कारण प्रदूषक कण नहीं छंटे। हालांकि रविवार तक वायु गुणवत्ता में सुधार होने की संभावना है। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 463 था और द्वारका सेक्टर आठ सबसे अधिक प्रदूषित क्षेत्र रहा, जहां एक्यूआई 495 था। वायु गुणवत्ता की निगरानी करने वाले अधिकतर स्टेशनों ने एक्यूआई 450 से अधिक दर्ज किया। पास के फरीदाबाद (450), गाजियाबाद (475), ग्रेटर नोएडा (445), गुरुग्राम (461) और नोएडा (474) में भी वायु गुणवत्ता बेहद गंभीर रही। 201 और 300 के बीच एक्यूआई को 'खराब' और 301-400 के बीच एक्यूआई 'बेहद खराब' तथा 401-500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है। सरकार की वायु गुणवत्ता निगरानी एवं पूर्वानुमान सेवा (सफर) ने कहा कि बृहस्पतिवार रात को हल्की बूंदाबादी से प्रतिकूल स्थिति पैदा हुई और इसके कारण द्वितीयक प्रदूषक कणों का निर्माण हुआ। दिल्ली में नवंबर के पहले सप्ताह में ऐसी स्थिति पैदा हुई थी।

दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए सभी एजेंसियों को साथ मिलकर काम करना होगा : जावड़ेकर

नई दिल्ली। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को सभी एजेंसियों से राष्ट्रीय राजधानी की खराब हो रही वायु गुणवत्ता और प्रदूषण से निपटने के लिए 'मिलकर काम' करने को कहा। लगातार चौथे दिन दिल्ली पर जहरीले धूमकोहरे (स्मॉग) की चादर छाई रही। वायु प्रदूषण की हालत इतनी खराब है कि हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जावड़ेकर ने कहा कि अभी विभिन्न एजेंसियों का एक-दूसरे पर दोषारोपण करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का प्रदूषण सिर्फ इस शहर की दिक्कत नहीं है.....दिल्ली की हवा 1990 के दशक से ही खराब हो रही है। परिस्थिति बदलने के बाद रोज नयी चुनौतियां सामने आ रही हैं। हमने औद्योगिक प्रदूषण, विनिर्माण मलबा और धूल आदि कम करने की दिशा में काम किया है। काम लगातार जारी है।'

प्रधानमंत्री ने प्रदूषण की 'आपात स्थिति' पर मुख्यमंत्रियों के साथ कितनी बैठकें कीं?: कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की गंभीर स्थिति पर चर्चा के लिए बुलायी गयी संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों एवं अधिकारियों के नहीं पहुंचने की पृष्ठभूमि में कांग्रेस ने शुक्रवार को सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस 'आपात स्थिति' पर संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कितनी बैठकें की हैं। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि यह संसदीय समिति की एक बैठक का उदाहरण है जो महत्वपूर्ण है। लेकिन प्रदूषण की आपात स्थिति है, इसमें कई पक्ष हैं, अलग-अलग राज्य हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय का कर्तव्य बनता था कि बैठकें बुलाते, इनमें विशेषज्ञ एवं संबंधित पक्षों को बुलाते ताकि कोई समाधान निकाला जा सके।

अपनी जिम्मेदारी से ध्यान भटका रहे सीएम : तिवारी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि प्रतिवर्ष 70 हजार करोड़ को बजट लेने के बाद भी दिल्ली सरकार कुछ नहीं कर रही है। दिल्ली सरकार यदि सांसदों के सहारे चलती है तो दिल्ली सरकार क्या काम कर रही है। तिवारी ने सीएम केजरीवाल से कहा कि आप दिल्ली के प्रदूषण और अपनी जिम्मेदारी से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।

ऑड-ईवन की पोल खुल गई है: गुप्ता

नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की ऑड-ईवन योजना की पोल पूरी तरह खुल गई है। इस योजना के अन्तिम दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स 465 के आस पास रहा तथा दिल्ली को धुंध की चादर में लगातार चौथे दिन घेरे रखा। स्पष्ट है कि सम-विषम योजना पूरी तरह विफल हो गई है।

कमजोर आर्थिक स्थिति बनी नई परियोजनाओं की घोषणा में बाधा

■ दक्षिणी निगमायुक्त ने पेश किया प्रस्तावित बजट

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए सिविक सेंटर में आयोजित स्थायी समिति की बजट बैठक में निगमायुक्त ज्ञानेश भारती ने किसी नई परियोजना की घोषणा नहीं की हैं और न ही प्रदूषण से निपटने के लिए कोई ठोस कदम उठाने का प्रस्ताव पेश किया गया। बता दें कि शुक्रवार को आयुक्त ज्ञानेश भारती ने वर्ष 2019-20 का संशोधित और 2020-21 का अनुमानित बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने निगम की माली हालत सुधारने के लिए इस वित्तीय वर्ष में संपत्ति-कर के तीन श्रेणी को घटा दो श्रेणी करने के साथ ही संपत्ति-कर में इजाफा करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, वहीं संपत्ति हस्तांतरण शुल्क में भी एक प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव है। इसके अलावा प्रोफेशनल टैक्स (पेशेवेर कर) लगाने का प्रस्ताव प्रस्तावित किया है। स्थायी समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2019-20 का बजट प्रस्ताव पेश करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि इस वर्ष निगम को 4225.76 करोड़ रुपए आय होने की उम्मीद हैं, वहीं 5137.41 करोड़ रुपए खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। यानी कि आय से 912 करोड़ रुपए ज्यादा खर्च होंगे।

29 गांव हुए शहरीकृत घोषित

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने 29 गांवों को शहरीकृत घोषित कर दिया है। सिविक सेंटर में शुक्रवार को आयोजित स्थायी समिति की बैठक में अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने बताया कि इनके शहरीकृत होने के चलते विकास के नए आयाम खुलेंगे। देवली, छत्तरपुर, सदुल्लाजब, राजपुर खुर्द, सतबडी, सहूरपूर, गजैपुर, आयानगर, जौनापुर, डेरा मंडी, भाटी, सुल्तान पुर, असोला, पुल पहलाद पुर, जैतपुर, ताजपुर, मीठापुर, मोलरबंद, आली, कोटला महीग्राम, झरोडा कलां, कापसहेडा, मित्रांऊ, सलाहपुर, रंगपुरी, रजोकरी, समालखा, घिटोरनी गांव शहरीकृत घोषित हुए।

राफेल पर घेरा...

राफेल विमान सौदे में लगाए गए निराधार आरोप के विरोध में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। फोटो : हरिभूमि

आप का कोष छह करोड़ से बढ़ कर हुआ 10 करोड़

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी का कोष 2017-18 के 6.06 करोड़ रुपये से बढ़ कर 2018-19 में 10.11 करोड़ रुपये हो गया है। इस अवधि में पार्टी को मिले चंदे में दोगुनी वृद्धि हुई। चुनाव आयोग को सौंपे गए पार्टी के सालाना लेखा परीक्षा खाते में जानकारी दी गई है। चंदे के मद में पार्टी की आय 10.61 करोड़ रुपये से बढ़ कर 19.31 करोड़ रुपये हो गई है। आप का चुनाव खर्च भी 2017-18 के 33.21 लाख रुपये से बढ़ कर 2018-19 में 4.30 करोड़ रुपये हो गया। नकद राशि, बैंक बचत खाते, सावधि जमा खाते और चेक के रूप में रकम 3.85 करोड़ रुपये से बढ़ कर 7.94 करोड़ रुपये हो गई। आप का कुल कोष 2017-18 के 6.06 करोड़ रुपये से 2018-19 में बढ़ कर 10.11 करोड़ रुपये हो गया।

दिल्ली में मतदाताओं की मसौदा सूची जारी

■ 16 दिसंबर तक की जा सकती है नामों की जांच

नई दिल्ली। दिल्ली निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित करते हुए मतदाताओं से अपने नामों की जांच कर उसमें मौजूद खामियों की जानकारी अधिकारियों को देने का आग्रह किया ताकि वे आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान कर सकें। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणबीर सिंह ने कहा कि शुक्रवार को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है और लोग 16 दिसंबर तक अपने दावे व आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं, जिनका 26 दिसंबर तक निपटान कर दिया जाएगा। रणबीर ने कहा कि लोग दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट व मतदाता हेल्पलाइन आदि पर जाकर नामों की जांच कर सकते हैं। 23 और 24 नवंबर को इस संबंध में निर्दिष्ट केन्द्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

तीस हजारी कोर्ट हिंसा मामला

हड़ताल खत्म, वकील आज लौटेंगे काम पर

एजेंसी नई दिल्ली

दिल्ली की जिला अदालतों के वकीलों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। अब सभी वकील कल से काम पर लौटेंगे। तीस हजारी कोर्ट परिसर में हिंसा के बाद पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 4 नवंबर से दिल्ली की जिला अदालतों के वकील हड़ताल कर रहे थे। शुक्रवार को दिल्ली जिला बार कोआर्डिनेशन कमेटी ने हड़ताल को खत्म करने का ऐलान करते हुए कहा कि आज से वकील दिल्ली की सभी जिला अदालतों में वापस काम पर लौटेंगे। शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि जब तक तीस हजारी हिंसा मामले की न्यायिक जांच पूरी नहीं हो जाती है, तब तक पुलिसकर्मियों को भी गिरफ्तारी से प्रोटेक्शन दिया जा रहा है। इस तरह फिलहाल दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। माना जा रहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद वकीलों के लिए आगे हड़ताल को जारी रखना मुश्किल था। अगर हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद वकील पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए हड़ताल जारी रखते, तो इसको कोर्ट की अवमानना माना जाता। शुक्रवार को दिल्ली जिला बार कोआर्डिनेशन कमेटी ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए हड़ताल को वापस लेने का ऐलान करती है।

दो पुलिसकर्मियों को हाईकोर्ट ने दी गिरफ्तारी से अंतरिम राहत

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने तीस हजारी अदालत में पुलिस व वकीलों के बीच हुई झड़प के मामले में दो पुलिस अधिकारियों को शुक्रवार को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी। झड़प के मामले में इन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज है। दो सहायक पुलिस उप निरीक्षकों की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने केंद्र, दिल्ली पुलिस, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और अन्य बार संगठनों से जवाब मांगा है। पुलिसकर्मियों ने याचिका में न्यायिक जांच जारी रहने तक गिरफ्तारी से छूट की मांग की थी।

खबर संक्षेप

परिवहन मंत्री पं. मूलचंद शर्मा का फरीदाबाद पहुंचने पर होगा स्वागत

फरीदाबाद। प्रदेश के परिवहन मंत्री व बल्लभगढ़ के विधायक पं. मूलचंद शर्मा के मंत्री बनने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुंचने पर अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा। श्री शर्मा के स्वागत के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है। स्वागत के संदर्भ में चल रही तैयारियों के बावत श्री शर्मा के बड़े भाई पं. टिपरचंद शर्मा ने बताया कि परिवहन मंत्री प्रातः दस बजे दिल्ली से चलकर दिल्ली-फरीदाबाद बार्डर पर पहुंचेगें तथा सराय पर उनका अभूतपूर्व स्वागत किया जाएगा। इसके बाद मोटर साईकिलों के काफिले के साथ में बल्लभगढ़ के अग्रेसन द्वार तक ले जाया जाएगा।

बिना मीटर के जला रहे थे बिजली, 12 मामले पकड़े

फरीदाबाद। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से जिले में बिजली चोरों की धरपकड़ लगातार जारी है। इसी कड़ी में पिछले दिनों एनआईटी चार सब डिवीजन में 12 बिजली चोरी पकड़ी गई है। इसमें सबसे अधिक मुख्य लाइन पर कुंडी डालकर बिजली चोरी के मामले पकड़े गए हैं। विभाग ने इन पर 5.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बिजली विभाग के एसडीओ ने बताया कि एक माह में 12 बिजली चोरी के मामले पकड़े हैं। इनमें 40 प्रतिशत लोगों के पास मीटर नहीं है। कार्यकारी अभियंता कुलदीप अत्री ने कहा कि बिल से बचने के लिए लोग चोरी से बिजली जलाते हैं, जबकि 60 प्रतिशत लोग ऐसे है जिनके मीटर लगे हुए है।

धूमधाम से मनाई 67वीं वार्षिक हनुमान जयंती

गुरुग्राम। धार्मिक संस्था भारतीय श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा शुक्रवार को मदनपुरी स्थित हनुमान मंदिर में 67वां वार्षिक हनुमान जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें संस्था के सदस्य व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। संस्था के प्रधान रामलाल ग्रोवर ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित भीकमचंद शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ से किया गया। भजनोपदेशकों ने हनुमान जी के भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

धूमधाम से मनाया बिरसा मुण्डा का जन्मदिवस

गुरुग्राम। जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाली सामाजिक संस्था वनवासी कल्याण आश्रम ने जनजाति समुदाय के लिए कार्य करने वाले बिरसा मुण्डा का जन्मदिन शुक्रवार को गौरव दिवस के रुप में मनाया। आश्रम के प्रवक्ता जगदीश कुकरेजा ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुण्डा का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। जनजातियों में इन्हें भगवान का दर्जा दिया जाता है। वह 19वीं सदी के एक प्रमुख आदिवासी जननायक थे। आज भी बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखंड आदिवासी इलाकों में बिरसा मुण्डा को भगवान की तरह पूजा जाता है।

होण्डा के श्रमिकों का धरना 11वें दिन भी जारी

गुरुग्राम। आईएमटी मानेसर स्थित होण्डा मोटर्स के अस्थायी श्रमिकों के विवाद का हल नहीं निकल पाया है। श्रम विभाग के उच्चाधिकारी कंपनी प्रबंधन व पीड़ित श्रमिकों तथा होण्डा मोटर्स एम्लायज यूनियन के साथ बैठकें कर रहे हैं, लेकिन बैठकें बेनतीजा ही साबित हो रही हैं। इन श्रमिकों का 11वें दिन भी कंपनी के बाहर व अंदर धरना जारी रहा। श्रमिक अपनी मांगों को लेकर कंपनी गेट पर डटे पड़े हैं। होण्डा मोटर्स श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष सुरेश गौड़ ने बताया कि पिछले 11 दिनों से बैठकों का दौर जारी है।

सहायक अभियंता निलंबित, जेई व सफाई निरीक्षक की सेवाएं समाप्त

सीवरेज-गंदे पानी की निकासी न होने पर तीन कर्मचारी नपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

निगम अधिकारियों व कर्मचारियों की कामचोरी व लापरवाही अब कतई बर्दाश्त नहीं होगी व यदि ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यशैली नहीं सुधारी तो इन्हें निश्चित तौर से कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।
-सोनल गोयल, फरीदाबाद नगर निगम की आयुक्त

स्थानीय जवाहर कॉलोनी वार्ड नंबर-7 के सारन स्कूल रोड पर सीवरेज/गंदे पानी के जलभराव की समस्या का निदान करने में लापरवाही बरतने पर फरीदाबाद नगर निगम की आयुक्त सोनल गोयल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निगम के सहायक अभियंता करतार दलाल को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया व आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कनिष्ठ अभियंता आशीष शर्मा और सहायक सफाई निरीक्षक सुशील कुमार की सेवाओं को समाप्त कर दिया है।

इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उदयभान शर्मा तथा कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार को डयूटी में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पिछले कई दिनों से इस इलाके के नागरिकों और एनआईटी-86 के विधायक नीरज शर्मा व मीडिया में निरंतर प्रकाशित हो रही खबरों के मद्देनजर निगमायुक्त सोनल गोयल ने सारन स्कूल रोड जवाहर कॉलोनी का दौरा किया तो मौके पर गंदे पानी का जलभराव, सीवरेज ओवरफ्लो की स्थिति को देखकर मौके पर उपस्थित निगम के मुख्य अभियंता डीआर भास्कर, अधीक्षण अभियंता बीरेन्द्र करदम, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उदयभान शर्मा, कार्यकारी अभियंता दीपक किंगर व संजीव कुमार, सहायक अभियंता करतार दलाल को जमकर खरी-खोटी सुनाई व इन अधिकारियों को भरे हुए गंदे पानी की निकासी, नालियों के ऊपर पड़ी हुई स्लैबों को तुड़वाकर नालियों को साफ करने, डिस्पोजल पर खराब पड़ी हुई मोटरों को ठीक करवाने, वार्ड-2 में गौच्छी ड्रेन पर बने हुए डिस्पोजल को साफ करने के आदेश भी दिए।

24 घंटे के अंदर उठवा जाए कूड़ा

निरीक्षण के दौरान जगह-जगह कूड़े के ढेर पाये जाने पर निग्मायुक्त ने गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को इन कूड़े के ढेरों को ईको ग्रीन कंपनी के माध्यम से 24 घंटे के अंदर उठवाने के आदेश दिए।

फरार 3 पुलिसकर्मियों को दबोचने पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

■ इंदिरापुरम के तत्कालीन प्रभारी दीपक पर दर्ज है भ्रष्टाचार का केस

एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने सटोरियों को पकड़ने, उनको रिश्वत लेकर छोड़ने के मामले में इंदिरापुरम थाने के पूर्व थाना प्रभारी दीपक शर्मा, दरोगा दीपक व सचिन की गिरफ्तारी पर 25-25हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। इन सभी पर 10 नवंबर को एफआईआर दर्ज कराई गई थी व सस्पेंड कर दिया गया था तभी से ये फरार चल रहे हैं। इसको लेकर गुरुवार को देर रात अपना अधिकृत बयान जारी किया। मामला 22 व 23 अक्टूबर की रात का है। इंदिरापुरम के तत्कालीन प्रभारी दीपक शर्मा ने इंदिरापुरम क्षेत्र में छापा मारकर कुछ सटोरियों को पकड़ा था पर उन्हें बिना लिखी पढ़ी करके छोड़ दिया था उन पर आरोप लगा था कि उन्होंने उन्हें छोड़ने की एवज में 14 लाख रुपए का लेन-देन किया है। मामला पुलिस के बड़े अफसरों की जानकारी में आने के बाद एसएसपी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी किशोर कुमार को मामले की जांच सौंपी, दीपक कुमार को लाइन हाजिर कर दिया था। कुमार ने मामले की गहनता से जांच की, आरोपों को सही पाया इसके बाद उन्होंने इंदिरापुरम के पूर्व थाना प्रभारी व दोनों दरोगाओं पर एफआईआर दर्ज कराई थी। जांच में पाया गया था कि मामले में दीपक शर्मा व कुछ पुलिसकर्मियों ने ना मोटा लेन-देन किया सिलसिले में 4 लाख 6हजार रुपये की नगदी बरामद की थी। गाजियाबाद में पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। पिछले दिनों लिंक रोड थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी लक्ष्मी चौहान 70लाख रुपये का गबन करने के मामले में भी जेल जा चुकी है। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से अच्छी खासी रकम बरामद की थी पर लिखा पढ़ी 70 लाख रुपये का गबन कर लिया था उन पर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, पिछले दिनों उन्होंने भगोड़ा घोषित होने के बाद मेरठ की भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम अदालत में सरेंडर कर दिया था 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : नं. 11, रानी झांसी रोड, (मोतिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली-110055
CIN: L74899DL1993PLC055697
Email: info@ekamleasing.com, ekam.leasing1@gmail.com
Website: www.ekamleasing.com

सूचना

सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा अपेक्षाएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47 के साथ पठित नियमन 29 के तहत एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के अलावा 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित (स्टैंडअलोन एवं समेकित) वित्तीय परिणाम (अंतरिम) तथा अध्यक्ष की अनुमति सहित किसी अन्य मामले पर विचार करने और अनुमोदन करने के लिये मै. एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 29 नवम्बर 2019 को अप. 2.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

यह सूचना बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, पर और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् http://www.ekamleasing.com/ पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
हस्ता/-
(राकेश जैन)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00061737

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 15.11.2019

शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सब्जी मंडी में लगा कूड़े का ढेर

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां कूड़ा-करकट न पड़ा हो। नगर निगम के सफाईकर्मी कूड़ा एकत्रित कर उसको उठाने के लिए जिम्मेदारी का निर्वाह न करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

हालांकि प्रदेश के सीएम मनोहरलाल गत सप्ताह शहर की सफाई की जिम्मेदारी संभालने वाली संस्था इकोग्रीन पर 25 लाख रुपए जुर्माना भी लगा चुके हैं। शहर के बीचोंबीच स्थित सब्जी मंडी की हालत तो और भी खराब है। सब्जी मंडी में प्रतिदिन हजारों लोगों का सब्जी खरीदने के लिए आना-जाना लगा रहता है। निगम के सफाईकर्मी सब्जी मंडी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं, सब्जी मंडी क्षेत्र में कूड़े का विशाल अंबार लगा है। लोगों को सब्जी खरीदने के लिए मजबूरन सब्जी मंडी आना पड़ता है। कूड़े के विशाल अंबार से उठती बदबू का एहसास जब उन्हें होता है तो वे यही कहते हैं कि क्या यही प्रदेश की साईबर, मिलेनियम सिटी है? सफाईकर्मी कूड़ा उठाने की बजाय सब्जी मंडी क्षेत्र में ही कूड़ा एकत्रित करते रहते हैं।

जब बरसात आती है तो उस समय तो हालात और भी खराब हो जाते हैं। कूड़े से उठती बदबू का सामना क्षेत्रवासियों को भी करना पड़ता है।

सामाजिक संस्थाओं ने दी जनांदोलन छेड़ने के चेतावनी

दुकानदारों का कहना है कि कूड़े के अंबार को लेकर वे नगर निगम के उच्चाधिकारियों से भी कई बार शिकायत कर चुके हैं पर समस्या का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। उधर सामाजिक संस्थाओं ने भी प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त नहीं कराई गई तो उन्हें जनांदोलन छेड़ने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की ही होगी।

जेपी को कानून मंत्री बनाए जाने पर अधिवक्ताओं में हर्ष

गुरुग्राम। जेपी दलाल को प्रदेश का कानून मंत्री बनाए जाने पर गुड़गांव जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने हर्ष जताया। वीरवार को जिला बार के सदस्यों ने ढोल नगाड़ों के साथ अपनी खुशी प्रकट करते हुए मिठाईयां भी बांटी। आयोजन जिला बार की पूर्व महासचिव एवं हरियाणा महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष सुमन दहिया एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया था। सभी ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि जेपी दलाल के प्रदेश के कानून मंत्री बन जाने से अधिवक्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है, लंबित पड़ी मांगों को पूरा कराने में उनका सहयोग लिया जाएगा। सभी ने एक दूसरे को बधाई भी दी। आयोजन में जिला बार के प्रधान मीर सिंह यादव, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल अभियंता द्वितीय रेलवे नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए दिनांक 10.12.2019 को 15:00 बजे खुलेगी, नई निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के निविदा कक्ष में खोली जाएगी।

कार्य का नाम	सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अनुभाग में 10 कि.मी. का निर्माण आर.सी.सी. सीमा की दीवार का कार्य हेतु
अनुमानित लागत	₹6,85,54,527.39
धरोहर राशि	₹4,92,800.00
कार्य समापन अवधि	12 माह
निविदा प्रपत्र का मूल्य	₹11,800.00
समान कार्य की परिभाषा	आरआरसी/पीएससी का काम करना

नोटः 1. निविदा प्रपत्र रेलवे की वेबसाट www.ireps.gov.in 26.11.2019 से 10.12.2019 को 15:00 बजे तक डाउनलोड कर सकते हैं। 2. निविदा संबंधी अन्य जानकारी टेंडर दस्तावेज से देख सकते हैं।

NIT No.-32-19-20-W-2 दिनांक 15.11.2019 3675/19
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चौहरा हत्याकांडः हत्यारोपी मुकेश ने बताया

डॉक्टर दंपति व बेटी-दामाद ने किया था चोरी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण मेंहदीरत्ता व उनके परिवार के सदस्यों की हत्या जिम ट्रेनर मुकेश ने की थी। पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी मुकेश ने इस सामूहिक हत्याकाण्ड को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने हत्या पर प्रयुक्त चाकू व जेवरात भी बरामद किए है। उक्त जानकारी एसीपी क्राईम अनिल कुमार ने प्रैस वार्ता के दौरान दी।

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को सैक्टर-7 ए स्थित सावित्री सदन में डा. प्रवीण मेंहदीरत्ता, उनकी पत्नी भारती, बेटी प्रियंका व दामाद सौरभ की चाकूओं से गोदी हुई लाशें मिली थी। इसके बाद पुलिस आयुक्त केके राव ने डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश व एसीपी क्राईम अनिल कुमार के नेतृत्व में सामूहिक हत्याकाण्ड का खुलासा करने के लिए दस टीमों का गठन किया। पुलिस ने दिन-रात एक करके उपनिरीक्षक अनिल कुमार प्रभारी अपराध शाखा सेक्टर-48 व उनकी टीम ने अपने विशेष सूत्रों के आधार पर आरोपी मुकेश पुत्र रामपाल सिंह निवासी झुग्गी न- 47 न्यू राजीव कॉलोनी निकट डबुआ मंडी गेट को शिरर्डी महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। इस टीम में एसआई अनिल कुमार, एसआई नरेश कुमार, एसआई जगवीर, एचसी दीपक, एचसी नवीन, एचसी प्रवेश, सिपाही महेश कुमार, सिपाही बलजीत का अहम योगदान रहा।

आरोपी मुकेश पर काफी रुपये का कर्ज हो गया इसी कर्ज को अदा करने के लिए आरोपी मुकेश ने चोरी करने का रास्ता अपनाया व चोरी करने की नियत से वह डॉक्टर प्रवीण मेहंदीरता के मकान में घुसा तथा विरोध करने पर डाक्टर की हत्या कर दी।

इसके बाद आरोपी मुकेश ने डॉक्टर की पत्नी भारती की हत्या कर दी व घर में चोरी करने लगा। इसी दौरान घर में डॉक्टर की बेटी प्रियंका अपने पति सौरभ के साथ घर आ गई। पकड़े जाने के डर से आरोपी मुकेश ने इन दोनों को भी चाकू से गले पर वार करके हत्या कर दी।

उपरोक्त आरोपी ने पहले डॉक्टर केमकान की रेकी की व यह मौका देखा की डॉक्टर का बेटा दर्पण मेहंदीरता रात के वक्त डयूटी पर जाता है यही मौका देखकर आरोपी मुकेश ने डॉक्टर के घर में चाकू लेकर चोरी की नीयत से घुसा, विरोध करने पर आरोपी मुकेश ने चाकू से पूरे सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया।

पुलिस रिमाण्ड के दौरान पुलिस ने आरोपी से वारदात में प्रयोग चाकू जिससे वारदात को अंजाम दिया गया था बाटापुल के कबाड़े से बरामद कर लिया गया हैं, आरोपी से जेवराज भी बरामद किए जिनमें एक कड़ा सोना, दो अंगुठी सोना, एक चैन सोने, दो टोपस सोना, दो नाक की पिन सोना, चार छगे चांदी, एक घडी टाइमैक्स, एक लाकेट आर्टिफिसियल, एक मंगल सूत्र आर्टिफिसियल, एक जोड़ा कानो के आर्टिफिसियल, एक अंगुठी आर्टिफिसियल, एक मोबाइल फोन अजरौंदा पुल के पास बरामद कर लिया गया है।

पुलिस मांगेगी आरोपी की रिमांड

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी को शनिवार को अदालत पेश कर व पुलिस रिमाण्ड मांगा जाएगा। पुलिस रिमाण्ड के दौरान, आरोपी से खुन से सने कपड़े व जुते, जो वारदात के समय पहने हुए, अन्य संबंधित अन्य साक्ष्य जुटाएंगे।

पर्ल अपार्टमेंट्स लिमिटेड
(CIN NO: L70101DL1979PLC009901)
पंजी. कार्यालय : 903, रोहित हाउस, 3, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली-110001
Tel No.: +91-11-23725826/27/28, Website: www.pearlapartments.co.in, Email Id: pearl.secretarial@pearlmail.com

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(राशि रु. में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही हेतु			समाप्त अर्ध वर्ष हेतु		समाप्त वर्ष हेतु
		30.09.2019 (अअंकेक्षित)	30.06.2019 (अअंकेक्षित)	30.09.2018 (अअंकेक्षित)	30.09.2019 (अअंकेक्षित)	30.09.2018 (अअंकेक्षित)	31.03.2019 (अंकेक्षित)
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	5,322,449	5,238,041	5,198,761	10,560,490	7,285,153	14,692,063
2	अवधि (कर और असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	3,972,130	3,189,293	3,249,903	7,161,423	3,237,139	5,679,144
3	कर से पूर्व अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	3,972,130	3,189,293	3,249,903	7,161,423	3,237,139	5,679,144
4	कर के बाद अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	3,162,813	2,360,076	2,416,340	5,522,889	2,403,576	4,697,226
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	3,162,813	2,360,076	2,416,340	5,522,889	2,403,576	4,697,226
6	इक्विटी शेयर कैपिटल	5,000,000	5,000,000	5,000,000	5,000,000	5,000,000	5,000,000
7	पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-				207,373,599
8	अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)						
	1. बेसिक	6.33	4.72	4.83	11.05	4.81	9.39
	2. डायल्युटेड	6.33	4.72	4.83	11.05	4.81	9.39

टिप्पणी : सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये अअंकेक्षित तैमाहिक और अर्ध वर्षीय वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.msei.in पर और कम्पनी की वेबसाइट www.pearlapartments.co.in पर उपलब्ध हैं।

कृते पर्ल अपार्टमेंट्स लि.
हस्ता/-
(कृष्ण कुमार सेठ)
(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)
डीआईएन 00005765

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14 नवम्बर, 2019

तरंगिनी इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड
CIN L67190DL1982PLC013486
पंजीकृत कार्यालय : एच-38, एलजीएफ, जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110014
E-mail ID: tarangini0123@gmail.com, Website: www.taranginiinvestmentsltd.com

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार
(राशि रु. में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त अर्ध वर्ष		समाप्त वर्ष
		30.09.2019 अअंकेक्षित	30.06.2019 अअंकेक्षित	30.09.2018 अअंकेक्षित	30.09.2019 अअंकेक्षित	30.09.2018 अअंकेक्षित	31.03.2019 अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय	0	492,500	-	-	-	2,900,000
2	अवधि (कर से पूर्व असाधारण और/अथवा असामान्य मदें) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(414,102)	(219,333)	(327,529)	(633,435)	(635,436)	214,904
3	कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(414,102)	(219,333)	(327,529)	(633,435)	(635,436)	214,904
4	कर के बाद अवधि (असाधारण और / अथवा असामान्य मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(414,102)	(219,333)	(327,529)	(633,435)	(635,436)	158,035
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	-	-	-	-	-	-
6	इक्विटी शेयर कैपिटल	31,060,000	31,060,000	31,060,000	31,060,000	31,060,000	31,060,000
7	पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-	-	-	-
8	अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) बेसिक एवं डायल्युटेड (रु. में)	(0.01)	(0.01)	(0.01)	(0.02)	(0.02)	0.01

टिप्पणी :
सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
तरंगिनी इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड
हस्ता/-
रचना खेतान
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 06982598

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 14.11.2019

फरीदाबाद में तेंएुआ घुसने से मचा हड़कंप, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

कई साल बाद एक बार फिर तेंदुऐ के फरीदाबाद क्षेत्र में घुसने से हड़कम्प मच गया। इससे पहले नेकपुर गांव के समीप रावल स्कूल के पास तेंदुआ घुस आया था। संतोषजनक कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने उसे पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। इससे पहले गुरूग्राम, मेवात और पलवल जिले में कई बार तेंदुओं के घुसने की घटनाएं हो चुकी है। अबकी बार तेंदुआ सरूरपुर गांव के समीप सरूरपुर इण्डस्ट्रीज एरिया की लगी नम्बर आठ में पहले एक प्लॉट में पड़े कबाड़ के बीच जा छिपा हुआ था। उसके बाद प्लाट में भूसा लेने के लिए आई महिला और बगों को देखकर तेंदुआ दीवार पर चढ़कर एक कम्पनी के बंद शैड में जा घुसा। सूचना मिलने पर पुलिस और वन्य प्राणी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। लेकिन तेंदुए को पकड़ने के संसाधन न होने की वजह से उन्होंने गुड़गांव स्थित वन्य प्राणी विभाग की रेस्क्यू टीम को सूचना दे दी। दोपहर करीब तीन बजे टीम जिसमें फरीदाबाद, गुरूग्राम व रोहतक के अधिकारी शामिल थे ने मौके पर पहुंच कर तेंदुए को बेहोश कर किसी तरह काबू किया और उसे अपने साथ ले गए। जानकारी के अनुसार सरूरपुर गांव के समीप इण्डस्ट्रीज एरिया की गली नम्बर आठ में 60 वर्षीय खेमकौर सैनी अपने पशुओं के लिए भूसा लेने के लिए अपने चार पौते-पौती को साथ लेकर गली में स्थित प्लॉट से भूसा लेने के गई थी।

नए मंत्रियों को हरियाणा के सीएम ने लड्डू खिला पदभार सौंपा

कार्यभार संभालते ही एक्शन में मंत्री

गृहमंत्री विज बोले-हमारी सरकार काम करने के लिए है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- विज की अफसरों को चेतावनी सुस्ती छोड़ एक्शन मोड में आएं वरना वीआरएस ले लें
- प्रदेश को नशामुक्त और अपराधमुक्त बनाने को पुलिस की छवि को और बेहतर करेंगे
- गुर्जर बोले-शामलात और गोचराण भूमि पर पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाएंगे
- रणजीत बोले-बिजली लाइन लॉस को शून्य पर लाएंगे, प्रदेश की जेलें और सुरक्षित होंगी

हरियाणा मंत्रिमंडल के पहले विस्तार के बाद बनाए गए सभी कैबिनेट और राज्य मंत्रियों ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया। सीएम मनोहर लाल ने खुद सभी नए मंत्रियों को लड्डू खिलाकर कार्यभार सौंपा। इससे पहले सभी मंत्रियों को सीएम कार्यालय में बुलाया गया था। वहां से सीएम एक-एक मंत्री को लेकर उनके कार्यालय पहुंचे।

सबसे पहले गृह मंत्री अनिल विज को कार्यभार सौंपा। कार्यभार संभालते ही सभी मंत्री एक्शन में आ गए हैं। गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारी सरकार काम करने के लिए है। जो अधिकारी काम करना चाहता है तो ठीक है, नहीं तो अपना बोरिया बिस्तरा बांधकर तैयार रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त और अपराधमुक्त बनाने को पुलिस की छवि को और बेहतर करेंगे।

खिलाड़ियों को सुविधा देंगे

खेल मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने की कोशिश करेंगे, ताकि खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर सके। इसके साथ-साथ आने वाले दिनों में ओलंपिक है, उसकी तैयारी को लेकर भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

चौबीस घंटे बिजली देंगे

बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि सभी को बिजली मिले यही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। जो डिमांड है, उसे पूरी करने की कोशिश करेंगे। वहीं जेल में सुधार करने की पूरी कोशिश करेंगे।

अगले सप्ताह होगी कैबिनेट की बैठक

प्रदेश कैबिनेट की पहली बैठक अगले सप्ताह होगी। इसकी घोषणा सीएम मनोहर लाल खुद कर चुके हैं। सीएम का कहना है कि सभी वायदे पूरा करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। गुरुवार को मनोहर सरकार का कैबिनेट का पहला विस्तार किया गया था, जिसमें छह कैबिनेट और चार राज्यमंत्रियों ने शपथ ली थी।

किसानों की आय बढ़ाएंगे : कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि किसानों की कमाई बढ़ाने के लिए वह प्रयास करेंगे। पशु और मत्स्य पालन को खेती-किसानी से जोड़कर कमाई आसानी से दोगुनी की जा सकती है। किसानों को फसल की बिजाई से उत्पादन और बिक्री तक में कोई दिक्कत नहीं आए, इसके लिए रोडमैप बनाएंगे। शीघ्र ही सभी विभागों की बैठक लेंगे। ताकि सभी कार्यों जल्द पूरे किए जा सकें।

शिक्षकों की कमी दूर करेंगे

शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि उनके मंत्रालय में जो भी सुधार की जरूरत होगी उसे करने की पूरी कोशिश की जाएगी। प्रदेश में शिक्षकों की कमी को दूर किया जाएगा। ताकि शिक्षा के स्तर में और सुधार आए। छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा मुहैया कराने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जाएंगे। वन एवं पर्यावरण विभाग के बारे में गुर्जर ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे, इसको लेकर योजना बनाई जाएगी। प्रदेश में शामलात और गोचराण भूमि पर ग्रामीणों की मदद से पौधरोपण किया जाएगा। इन पर मालिकाना हक पंचायतों का होगा।

पराली जलाने वाले की सूचना देने वाले का नाम सार्वजनिक करने पर पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- भरपूर के हलका पटवारी को डीसी ने किया सस्पेंड एडीसी को सौंपी जांच

पराली जलाने वाले किसानों की सूचना जिला प्रशासन को देने वाले व्यक्ति का नाम गांव में सार्वजनिक करने पर कार्रवाई करते हुए जिला उपायुक्त ने संबंधित पटवारी को निलंबित कर दिया है। उपायुक्त ने इस मामले में एडीसी को जांच भी सौंप दी है। मिली जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेशों के बाद भी फतेहाबाद जिले में पराली जलाने के मामलों में कोई कमी नहीं आई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना के लिए डीसी ने पटवारियों व अन्य अधिकारियों की स्पेशल ड्यूटी गांवों में लगाई हुई थी, ताकि पराली जलाने के मामले पर अंकुश लगाया जा सके। ऐसे में गांव रतिया के गांव भरपूर के एक ग्रामीण ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी थी कि गांव में पराली जलाई जा रही है। इस मामले में गांव के पटवारी बोधराज ने ग्रामीणों को उक्त ग्रामीण का नाम गांव में सार्वजनिक कर दिया। इस कारण इस ग्रामीण को गांव में व्यक्तिगत रंजिश का सामना करना पड़ रहा है। मामला जिल उपायुक्त धीरेन्द्र खडग़टा के संज्ञान में आया तो उपायुक्त ने इस पर कड़ा कदम उठाते हुए पटवारी को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। साथ ही मामले की जांच एडीसी को सौंप दी। डीसी ने अपने आदेशों में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद सभी अधिकारियों को सख्त आदेश दिए गए हैं कि वह पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाए और ग्रामीणों को जागरूक करें। गांव रत्ताखेड़ा में पराली जलाने की 10 घटनाएं घटित हुई हैं और जब एक ग्रामीण ने इसकी सूचना प्रशासन को दी तो हलका पटवारी बोधराज ने उक्त ग्रामीण की पहचान गांव में सार्वजनिक कर दी, जबकि ऐसे मामले में सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाता है।

पंजाब ने मिलावटी घी पर बाजार में पाबंदी लगाई

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य में बिकने वाले घी में किसी प्रकार के बाहरी वसा की मिलावट पर पाबंदी लगा दी है। राज्य के खाद्य एवं औषिधि विनियामक ने कहा है कि राज्य की सीमाओं में बिकने वाले घी में केवल दूध का वसा ही होना चाहिए।

पंजाब के खाद्य एवं औषिधि प्रशासन (एफडीए) आयुक्त के. एस. पन्नू ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा, ''एफडीए ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है। इसके मुताबिक राज्य में ऐसे घी के विनिर्माण, बिक्री और वितरण पर पाबंदी लगायी गयी है जिनमें दूध से मिले वसा के अलावा कोई अन्य तरह का पदार्थ या वनस्पति वसा मिला है।" उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य में विभिन्न ब्रांड नाम के घी या दूध वसा में वनस्पति / हाइड्रोजनीकृत वनस्पति तेल या अन्य किन्हीं पदार्थों का मिश्रण करके उस घी के तौर पर बेचे जाने के उद्धरण मिले हैं।

उन्होंने कहा कि इसलिए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम-2006 की उपयुक्त धारा के तहत ऐसे घी, दूध वसा और वनस्पति / हाइड्रोजनीकृत वनस्पति वसा के निर्माण / बिक्री / वितरण को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव है, जिसमें कोई अन्य पदार्थ मिलाया गया हो।"

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(www.hssc.gov.in)

माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में विज्ञा. सं. 6/2006, श्रेणी सं. 06 के तहत लैक्चरर हिन्दी (स्कूल कैडर) के पद हेतु साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु उम्मीदवारों को सूचना

माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सीडब्ल्यूपी सं. 10627/2017 में निर्देशों के अनुपालन में आंसर की संशोधित की गई है, संशोधित आंसर की के अनुसार परिणाम में संशोधन के उपरांत आयोग ने विज्ञा. सं. 6/2006, श्रेणी सं. 06 शिक्षा विभाग हरियाणा के लैक्चरर हिन्दी (स्कूल कैडर) के पद हेतु उम्मीदवारों को साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु बुलाने का निर्णय लिया है। तदानुसार सामान्य श्रेणी के अनुक्रमांक 81501090, 81501862, 81500706, 81501658, 81502146, एससी श्रेणी के 81500658, 81501630, 81502018 तथा बीसी श्रेणी के 81501190 को साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु शॉर्ट लिस्ट किया गया है तथा उपरोक्त वर्णित उम्मीदवारों का साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा 20.11.2019 को आयोजित की जाएगी।

2. विज्ञा. सं. 6/2016 श्रेणी सं. 6 के तहत शिक्षा विभाग हरियाणा के लैक्चरर हिन्दी (स्कूल कैडर) के पद हेतु उपरोक्त वर्णित अनुक्रमांक का साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा, माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में 20.11.2019 को आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार को आयोग के कार्यालय बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला में पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। उसे सभी मूल दस्तावेज, सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रति का एक सैट, आवेदन प्रपत्र की स्व-सत्यापित डाउनलोडेड प्रति लाने के लिये भी निर्देशित किया जाता है।

यदि उम्मीदवार मौखिक परीक्षा / साक्षात्कार के लिये उपस्थित नहीं होता, तो उसे आगे कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव,
दिनांक : 14 नवम्बर 2019 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/200/1920/79200 दि. 15.11.19

खबर संक्षेप

बाइक पर लटके बैग में रखे एक लाख रुपये चोरी

कोसली। कोसली के सैंट्रल बैंक से एक लाख रुपए की राशी निकलवा कर बाजार में खरीददारी कर रहे एक व्यक्ति की बाइक पर लटके बैग को बदमाशों ने उड़ा लिया। कोसली स्टेशन क्षेत्र निवासी रामकुमार शुक्रवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे कोसली सैंट्रल बैंक से एक लाख की राशी निकालकर कोसली गांव के बस स्टैंड पर बाइक को एक दुकान के सामने खड़ी कर खरीददारी करने लगे। बैग को उन्होंने बाइक पर ही लटका छोड़ दिया। जब वह वापस आए तो बाइक पर लटका बैग गायब मिला। उन्होंने तुरंत मामले की सूचना कोसली थाने में दी लेकिन बैग ले जाने वाले का कोई पता नहीं लग पाया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर जांच प्रारंभ कर दी है।

एटीएम कार्ड बदलाकर 40 हजार रुपये उड़ाए

रेवाड़ी। धारूहेड़ा के बास रोड पर मातादीन कांप्लेक्स में स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम पर तीन शातिर युवकों ने मदद का झांसा देकर एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल लिया तथा सीमा से सटे राजस्थान के भिवाड़ी से खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए। मैसेज के बाद कार्ड बदलने का पता लगा। पीड़ित की शिकायत पर धारूहेड़ा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। धारूहेड़ा के घनश्याम पांडेय ने शिकायत में कहा है कि 12 नवंबर को पत्नी उपमा का एटीएम कार्ड लेकर बैंक के बूथ पर पैसे निकालने के लिए गए थे। वहां कोई सुरक्षाकर्मी नहीं था। उनके पीछे तीन और युवक वहां आकर खड़े हो गए। पैसे नहीं निकलने पर पास खड़े युवकों ने मदद के बहाने से कार्ड बदल लिया। शाम को उनके मोबाइल पर पैसे निकलने के मैसेज आने शुरू हो गए। भिवाड़ी स्थित एटीएम से उनके खाते से चार बार में 40 हजार रुपये निकाल लिए गए।

हादसे में पति, पत्नी व तीन वर्षीय बच्चे की मौत, 10 वर्षीय बेटा गंभीर

- पिकअप की टक्कर लगने से कार का बिगड़ा था संतुलन
- घायलों को अस्पताल में करवाया गया भर्ती
- डॉक्टरों ने केशव, सुषमा और लक्ष्य को मृत घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल। घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती करवाने ले जाते मंदीप यादव।

महेंद्रगढ़ रोड पर स्थित कुक्सी व नांगल सिरोही के बीच शुक्रवार की अलसुबह करीब 4.15 बजे अज्ञात पिकअप ने कार को साइड दी और फरार हो गया। पिकअप की टक्कर लगने से कार का संतुलन बिगड़ गया। जिससे कारण कार सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। जिससे कार में सवार पति, पत्नी व दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने पति, पत्नी व एक 3 वर्षीय बेटे को मृत घोषित कर दिया। जबकि 10 वर्षीय बड़े बेटे की गंभीर हालत के चलते उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे पहले उसे कैलाश अस्पताल बहरोड़ ले गए थे। इसके बाद में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शुक्रवार दोपहर बाद पति-पत्नी व बेटे के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस संदर्भ में दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी प्रवीण सैनी निवासी चरखी दादरी के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दुर्घटना के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगाकी कार्रवाई शुरू कर दी है। चरखी दादरी के गांधी नगर निवासी केशव गौत्तम गुरुवार को पत्नी सुषमा, बड़े बेटे मानव व छोटे बेटे लक्ष्य के साथ कार से मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन को गए थे। दर्शन करने के बाद शुक्रवार अलसुबह वापस घर लौट रहे थे कि कुक्सी व नांगल सिरोही के बीच सामने से आ रहे पिकअप ने कार को साइड मार दी। इससे कार संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क के किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। घायलों को नारनौल नागरिक अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने केशव गौत्तम, सुषमा व लक्ष्य को मृत घोषित कर दिया।

रिश्वत लेने का आरोपित कानूनगो को भेजा जेल

जींद। स्टेट विजीलेंस ब्यूरो ने कब्जा व निशानदेही करवाने की एवज में दस हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथो पकड़े गए कानूनगो को शुक्रवार को अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव दालमवाला निवासी किसान बिजेंद्र ने स्टेट विजीलेंस ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि उनके खेतों का सांझा खाता था।

भारतीय खाद्य निगम

क्षेत्रीय कार्यालय : चेतक बिल्डिंग, झोन 2, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल
फोन : 0755-2573444

क्र.स्था./1(32)/भर्ती/वर्ग-IV/2019/Vol.I — दिनांक 16.11.2019

निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय खाद्य निगम, भोपाल वॉचमैन भर्ती के लिए एजेंसी की नियुक्ति हेतु इच्छुक प्रार्थियों से ई-निविदा आमंत्रित करती है। निविदा से संबन्धित सभी नियम एवं शर्तें भारतीय खाद्य निगम की वेबसाइट http://fci.gov.in तथा www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं।

महाप्रबंधक (म.प्र.)

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव, आयु 45 वर्ष, कद 5'7'', रंग गेहुआं, नीले रंग की शर्ट तथा नीले रंग की जींस पैंट पहने हुए दिनांक 03.11.19 को रैन बसेरा (कोड नं. 12), चांदनी चौक, कोतवाली, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में एक डीडी नं. 14-ए दिनांक 03.11.19 को थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : कोतवाली, दिल्ली
फोन : 23977100, 8750870121

DP/616/N/19

कैथल में नोट दोगुने करने के नाम पर नौ लाख हड़पे, केस

कैथल। सदर पुलिस कैथल में कम समय में दुगने नोट करने के नाम पर नौ लाख की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त शिकायत के आधार पर किया गया है। पुलिस अधीक्षक कैथल को दी शिकायत में नौच गांव के ओमप्रकाश ने आरोप लगाया है चिरंजीव कॉलोनी कैथल के गुलाब ने कस्टमर सर्विस पॉइंट के नाम से कार्यालय बना रखा है। वह उसे पांच साल से जानता था। गुलाब लोगों को कृषि लोन दिलवाने बैंकों में खाता खुलवाने आदि का काम करता था। गुलाब सिंह ने बताया कि एक स्कीम के तहत वह 4 दिन में ही दो-तीन गुना पैसे वापस करवा देगा। इस पर उसने उसे नौ लाख रुपये दिए। अब पैसा लौटाने को कहा तो कहने लगा कि उसका सारा पैसा शेयर मार्केट में डूब गया है। आरोप है कि उन्होंने धोखाधड़ी से पैसे हड़पे लिए हैं।

करतारपुर जाने के लिए पासपोर्ट की आवश्यकता हटाने के लिए पाक से बात करें मोदी : सुखबीर

- प्रलेखन और सत्यापन प्रक्रिया को और आसान बनाये जाने की भी मांग की

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर बादल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि करतारपुर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पासपोर्ट की अनिवार्यता के प्रावधान को हटाने के लिए दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित सहमति पत्र में संशोधन के लिए पाकिस्तान सरकार से आग्रह करें। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में सुखबीर ने प्रलेखन और सत्यापन प्रक्रिया को और आसान बनाये जाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि लाखों सिख श्रद्धालु कारतारपुर साहिब जाना चाहते हैं लेकिन कठिन प्रक्रिया और पासपोर्ट की जरूरत के कारण उन्हें वहां जाने में कठिनाई हो रही है। यहां जारी बयान में सुखबीर के हवाले से कहा गया है, ''रोज पांच हजार श्रद्धालुओं को कारतारपुर गलियारे के माध्यम से करतारपुर साहिब जाना तय हुआ था लेकिन यह आंकड़ा कुछ सौ पर ही पहुंच सका है क्योंकि अधिकतर श्रद्धालुओं के पास पासपोर्ट नहीं है। श्रद्धालुओं की मांग है कि इस प्रावधान को हटाया जाना चाहिए।" उन्होंने कहा, ''पासपोर्ट की आवश्यकता ऐसे भी जरूरी नहीं है क्योंकि गुरद्वारा करतारपुर साहिब जाने के लिए श्रद्धालुओं को सीमित पहुंच दी गई है।

अंका इंडिया लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 41, शिवालिक बिल्डिंग, निकट सरस्वती हॉस्पीटल / टेलीफोन एक्सचेंज ओल्ड दिल्ली रोड, गुड़गांव, हरियाणा-122001 ;
कॉपो. कार्यालय : डब्ल्यूजैड-86, गैलेक्सी होम, टोडापुर, नई दिल्ली-110012
CIN: L74900HR1994PLC033268; Phone no: 0124-2322570; website: www.ankaindia.com

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार

राशि रु. लाखों में

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त नौ माह	
		30-सित.-19 अअंकेक्षित	30-जून -19 अअंकेक्षित	30-सित.-18 अअंकेक्षित	30-सित.-19 अअंकेक्षित	30-सित.-18 अअंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	-	10.98	5.00	10.98	5.00
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, असाधारण और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	(1.66)	5.47	0.23	3.81	(4.31)
3	कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद)	(1.66)	5.47	0.23	3.81	(4.31)
4	कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद)	(1.66)	5.47	0.23	3.81	(4.31)
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	-	-	-	-	-
6	इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के)	62.74	62.74	34.93	62.74	34.93
7	अन्य इक्विटी	NA	NA	NA	(501.80)	(494.62)
8	अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के)					
	बेसिक :	(0.03)	0.09	0.01	0.06	(0.12)
	डायल्युटेड :	(0.03)	0.09	0.01	0.06	(0.12)

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के अनुरूप बीएसई लि. के पास दायर किये गये 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) के साथ साथ कम्पनी की वेबसाइट (www.ankaindia.com) पर उपलब्ध हैं।
2. कम्पनी असैट के रूप में रु. 25.20 लाख की राशि पूर्ववर्ती वर्षों में भुगतान किये गये न्यूनतम वैकल्पिक कर की पहचान करना जारी रखे हुये है और उम्मीद करती है कि ये भविष्य कर भुगतानों के तहत समायोजित किये जाने हैं। अंकेक्षकों ने इस मामले के लिये अपनी संवीक्षा रिपोर्ट में संशोधन किया है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते अंका इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
राकेश कुमार त्रिखा
अध्यक्ष

दिनांक : 14.11.2019
स्थान : गुरुग्राम

बिक्री सूचना

(आईबीबीआई (ऋणशोधन प्रक्रिया) नियमनों 2019 के नियमन 32, 32ए और 33 के अनुरूप परिसम्पत्तियों की बिक्री हेतु)

एतद् द्वारा संभाव्य बोलीदाताओं से आईबीबीआई (ऋणशोधन प्रक्रिया) नियमनों 2019 के नियमन 32, 32ए और 33 के अनुरूप गमन प्रतिष्ठान के रूप में कार्पोरेट देनदार की बिक्री हेतु ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिये अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिये सूचना दी जाती है। बिक्री ई-नीलामी प्लेटफार्म http://www.eauction.co.in/ के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।
सम्बन्धित जानकारी का विवरण निम्न अनुसार दिया गया है :-

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	मोहन जैम्स एंड ज्वैल्स प्राईवेट लिमिटेड
2.	कार्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर	U36911DL2006PTC146319
3.	निगमन की तिथि	14-02-2006
4.	प्राधिकारी जिसके तहत कार्पोरेट देनदार पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, नई दिल्ली
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय का पता	3324, बैंक स्ट्रीट, करोल बाग, नई दिल्ली-110001
6.	कार्पोरेट देनदार के व्यवसाय की प्रकृति	जेवरात का निर्माण, जैम्स और ज्वैल्स इत्यादि की होलसैल तथा खुदरा बिक्री
7.	एडज्यूडिकेटिंग अधिकारी का नाम	नैशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली
8.	पीठ	मुख्य पीठ
9.	ऋणशोधन आरम्भ होने की तिथि	09-08-2019
10.	नाम, पता, ई-मेल, टेलीफोन नम्बर तथा ऋणशोधक का पंजीकरण	**नाम** : देबाशीष नंदा **पता** : सीएस-14, सी फ्लोर, अंसल प्लाजा, वैशाली गाजियाबाद, यूपी. **E-mail:** dnanda.cma@gmail.com **IBBI Registration No.:** IBBI/IPA-003/IP-N00040/2017-18/10316
11.	ऋणशोधक के साथ पत्राचार हेतु विवरण	**प्राधिकृत व्यक्ति का नाम : रवि चौधरी** **ऋणशोधक के साथ पद धारण : सीनियर एसोसिएट** **E-mail:**liquidatormohangems@gmail.com **Contact No.:** +91-9711813299
12.	बिक्री का विषय	ऋणशोधक ने सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ परामर्श के साथ कार्पोरेट देनदार की बिक्री गमन प्रतिष्ठान के रूप में करने का निर्णय लिया है। अतः इस सम्बन्ध में निम्नलिखित लेन-देन किया जाएगा। ए. कार्पोरेट देनदार के व्यवसाय का अधिग्रहण गमन प्रतिष्ठान के रूप में अर्थात् कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट आइडेंटिटी विद्यमान रहेगी। बी. कार्पोरेट देनदार की सभी अचल / चल परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण। सी. कार्पोरेट देनदार द्वारा किये गये सभी निवेशों का अधिग्रहण
13.	आरक्षित मूल्य (INR में)	**1,15,99,737/-** (एक करोड़ पन्द्रह लाख निन्यानवें हजार सात सौ सैंतीस केवल)
14.	धरोहर जमा राशि (INR में)	**11,59,973/-** (ग्यारह लाख उनसठ हजार नौ सौ तिहत्तर केवल)
15.	ईएमडी जमा करवाने का तरीका	आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, नकदी अथवा चैक के माध्यम से अथवा मोहन जैम्स एंड ज्वैलस प्राईवेट लिमिटेड ऋणशोधन में, के नाम से किसी अनुसूचित बैंक पर देय डीडी।
16.	बैंक खाते का विवरण जिसमें ईएमडी जमा करवाई जानी है	बैंक का नाम और शाखा : **यस बैंक**, शकरपुर दिल्ली खाते का नाम : **मोहन जैम्स एंड ज्वैलस प्राईवेट लिमिटेड ऋणशोधन में,** Account Number: **02366400001212** IFSC Code: **YESB0000107**
17.	बिक्री का मोड	**बिक्री का मोड खुली ई-नीलामी है जहां बोलीदाता ओपन विंडो के दौरान अन्य बोलीदाताओं से अन्य प्रतिस्पर्धी बोलियां देख सकते हैं।**
18.	ई-नीलामी की तिथि	20 नवम्बर 2019
19.	ई-नीलामी हेतु समय	अप. 12.00 बजे से अप. 2.00 बजे (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार सहित)
20.	ई-नीलामी प्लेटफार्म	**https://www.eauctions.co.in/**
21.	ईएमडी जमा के साक्ष्य सहित अभिरुचि को जमा करने की अन्तिम तिथि तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज	**18-11-2019 (सोमवार)**

महत्वपूर्ण टिप्पणी : यह बिक्री सूचना परिसम्पत्तियों, ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा एवं आश्वासन प्रपत्र, ई-नीलामी बिक्री के सामान्य नियम व शर्तें के विवरण निहित पूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज जोकि वेबसाइट https://www.eauctions.com पर उपलब्ध है, के सम्बन्ध में पढ़ी जाएगी। आप कृपया किसी सहायता अथवा मदद, यदि अपेक्षित हो, हेतु **श्री दीक्षित प्रजापति** 7874138237 **और ई-मेल आईडी admin@eauctions.co.in** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

ई-नीलामी के महत्वपूर्ण नियम व शर्तें :-

1. ई-नीलामी अनुमोदित सेवाप्रदाता **मै. लिंकस्टार इंफोसिस प्राईवेट लिमिटेड** के माध्यम से **''जैसा है जहां है'', ''जो है जैसा है'' और ''जो भी है वहां है'' आधार** पर आयोजित की जाएगी।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को, अपनी बोली जमा करवाने से पूर्व, सम्पत्तियों के टाइटल, स्थानीय देय कर, विद्युत एवं जल परिव्यय, रखरखाव परिव्यय, यदि कोई हो, के सम्बन्ध में अपनी स्वतंत्र इंक्वायरी करनी चाहिए और अपने स्वयं के व्यय पर सम्पत्तियों का निरीक्षण कर स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए।
3. प्राधिकृत व्यक्ति ई-नीलामी प्रक्रिया अथवा परिसम्पत्तियों के सम्बन्ध में संभाव्य बोलीदाताओं को सभी आवश्यकताएं और जानकारी प्रदान करेगा।
4. इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी डिपॉज़िट के लिए सबूत के साथ-साथ ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अनुरोध पत्र के साथ स्वयं की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना चाहिए। (1) बोली आवेदन प्रपत्र; (2) पहचान का प्रमाण; (3) पते का प्रमाण (वर्तमान); (4) पैन कार्ड; (5) वैध ई-मेल आईडी; (6) लैंडलाइन और मोबाइल नंबर; (7) शपथ-पत्र और वचन-पत्र; (8) बोलीदाता द्वारा घोषणा। इन अनुलग्नकों का प्रारूप पूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज से लिया जा सकता है।
   इन दस्तावेजों को ऋणशोधक के कार्यालय में भौतिक रूप से अथवा ई-मेल द्वारा 18 नवम्बर, 2019 को अप. 5:00 बजे से पहले नीचे दिए गए पते पर पहुंच जाना चाहिए।
5. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये पात्र बोलीदाता के नाम की पहचान ऋणशोधक द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी सेवा प्रदाता सभी पात्र बोलीदाताओं को ई-मेल द्वारा यूजर आईडी और पासवर्ड प्रदान करेगा।
6. **ई-नीलामी में भाग लेने वाले पात्र बोलीदाताओं को न्यूनतम आरक्षित मूल्य पर बोली देनी होगी और अपनी बोली में बढ़ौतरी इस राशि के गुणज में अथवा रु. 3.00 लाख न्यूनतम बढ़ौतरी राशि द्वारा करनी होगी।**
7. यदि कोई बोली ई-नीलामी की समाप्ति के समय के अन्तिम 5 मिनट में प्राप्त होती है तो अन्तिम समय स्वतः 5 मिनट के लिये असीमित विस्तार हेतु बढ़ जाएगा। बोलीदाता जो ई-नीलामी की समाप्ति पर उच्चतम बोली राशि (आरक्षित मूल्य से कम नहीं) प्रस्तुत करता है, को उच्चतम बोलीदाता के रूप में घोषित किया जाएगा और इस आशय का संचार ई-नीलामी सेवाप्रदाता द्वारा इलैक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से जारी किया जाएगा। तथापि सफल बोलीदाता की घोषणा ऋणशोधक के अनुमोदन के अधीन होगी।
8. सफल बोलीदाता की ईएमडी को बिक्री विचार के भाग के रूप में रखा जाएगा और असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। **ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।**
9. ऋणशोधक सफल बोलीदाता को आशय का एक पत्र (एलओआई) जारी करेगा और सफल बोलीदाता को ऋणशोधक द्वारा एलओआई जारी करने के 90 दिनों के अंदर शेष राशि (सफल बोली राशि घटा ईएमडी राशि) जमा करवानी अपेक्षित होगी। **बशर्ते कि 30 दिन के पश्चात् भुगतान किया जाए तो 12

झारखंड के पूर्व सीएम की इच्छाओं पर फिर गया पानी

सजा अभी है बरकरार, कोड़ा नहीं लड़ सकते चुनावः सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ⏭ रांची/नई दिल्ली

- मधु कोड़ा कांग्रेस के टिकट पर लड़ना चाहते थे विस चुनाव
- कोड़ा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनाव लड़ने की मांगी थी अनुमति
- निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 में चुनावी खर्च के बारे में सही जानकारी नहीं देने पर ठहराए थे अयोग्य



जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत उनकी अयोग्यता अभी बरकरार है। उन्हें किसी सूरत में राहत नहीं दी जा सकती। उनकी सजा अभी चल रही है।
- सुप्रीम कोर्ट

झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने पर सुप्रीम रोक लग गई है। देश की सर्वोच्च अदालत ने कोड़ा की याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट कर दिया कि जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत उनकी अयोग्यता अभी बरकरार है। उन्हें किसी सूरत में राहत नहीं दी जा सकती। उनकी सजा अभी चल रही है। लिहाजा, वे चुनाव नहीं लड़ सकते व इस तरह मधु कोड़ा के विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा पर पानी फिर गया।

झारखंड के एकमात्र निर्दलीय सीएम रहे मधु कोड़ा अब कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं, पार्टी के टिकट पर विस चुनाव लड़ना चाहते थे। इसलिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनाव लड़ने की अनुमति मांगी थी पर कोर्ट ने उन्हें राहत देने से साफ इनकार कर दिया। इसके पहले झारखंड हाइकोर्ट ने हिस्ट्रीशीटर से नेता बने झारखंड के पूर्व मंत्री गोपाल दास पातर उर्फ राजा पीटर, पूर्व नक्सली कुंदन पाहन को एनआइए की विशेष अदालत ने जेल से चुनाव लड़ने की अनुमति दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने मधु कोड़ा की याचिका पर भारत के चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया, अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा। साथ ही कहा कि अगले आदेश तक मधु कोड़ा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2017 में कोड़ा को चुनाव लड़ने के अयोग्य करार दिया था। कोड़ा की अयोग्यता का एक साल और बाकी है। इसलिए सर्वोच्च अदालत ने मधु कोड़ा को चुनाव लड़ने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया। ज्ञात हो कि निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2009 में चुनावी खर्च के बारे में सही जानकारी नहीं देने पर उन्हें अयोग्य ठहराया था। साथ ही पश्चिम सिंहभूम के पूर्व सांसद, इसी जिला के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे कोड़ा के चुनाव लड़ने पर तीन साल तक की रोक लगा दी थी। आयोग ने पाया था कि वर्ष 2009 में मधु कोड़ा ने विस चुनाव में खर्च की सही-सही जानकारी आयोग को नहीं दी थी।

उसी वक्त कोड़ा ने कहा था कि वह आयोग के फैसले के खिलाफ कोर्ट जायेंगे। अब कोर्ट से भी उन्हें राहत नहीं मिली।

पंचतत्व में विलीन हुए महान गणितज्ञ

आरा। आइंस्टीन के सिद्धांत को चुनौती देनेवाले भोजपुर के लाल महान गणितज्ञ डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह का अंतिम संस्कार शुक्रवार को भोजपुर जिले के महुली घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस मौके पर उनके भतीजे मुकेश कुमार ने डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इसके साथ ही बिहार से लेकर कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी तक बिहार का डंका बजाने वाले महान गणितज्ञ पंचतत्व में विलीन हो गए।

कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान में लाखों का छात्रवृत्ति घोटाला, मामला दर्ज

मथुरा। यूपी के मथुरा जनपद में पिछड़े वर्ग के छात्रों को कम्प्यूटर कोर्स कराने वाली संस्था एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कर्मचारियों पर धोखाधड़ी करने, सरकारी धन का गबन करने सहित कई मामलों में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरटीआई कार्यकर्ता आशुतोष गर्ग की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। मामले में उर्जित इन्फोटेक कम्प्यूटर सेंटर के संचालक प्रदीप फौजदार, उनकी पत्नी मिताली फौजदार एवं जिला पिछड़ा वर्ग कार्यालय के कर्मचारियों को धोखाधड़ी करने, सरकारी धन का गबन कर छात्रवृत्ति घोटाला करने के मामले में नामजद किया है।

यूपी एलडीए भ्रष्टाचार मामले में 11 फर्म ब्लैक लिस्टेड

एजेंसी ⏭ लखनऊ

- घोटाले पर मौर्य ने सीएम योगी को पत्र लिखकर भेजी थी सूची

एलडीए के भ्रष्टाचार पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सीएम योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी थी। जिस पर कार्रवाई शुरू हो गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 11 कॉन्ट्रैक्टर के फर्म को ब्लैक लिस्ट किया। साथ ही एलडीए वीसी ने 11 फर्मों का परफॉर्मेंस ठीक न होने पर कार्रवाई की। डिप्टी सीएम के पत्र में एलडीए में गंभीर भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता का खुलासा किया था। बताया जा रहा है कि एलडीए में लंबे समय से काम कर रहे कॉन्ट्रैक्टर की लापरवाही पर ब्लैक लिस्ट किया गया है। इसमें एम एस कॉन्ट्रैक्टर, इंदु प्रोजेक्ट, सिंटैक्स, एशिया कंस्ट्रक्सन, प्रताप ट्रेडिंग कंपनी, पवनसुत कंस्ट्रक्सन, रूपेश कुमार सिंह, नरेश इंटरप्राइजेज, पूनम इंटरप्राइजेज, एसआर इंफोटेक को बैन किया है। एलडीए में कंपनियों पर 6 महीने से लेकर 1 साल तक के लिए रोक लगाया गया है।

गढ़वाल केंद्रीय विवि में पहली महिला कुलपति बनी अन्नपूर्णा नौटियाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

उत्तराखंड में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (एचएनबीजीयू) में प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने पहली स्थायी महिला कुलपति के रुप में कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वह विवि में बीते करीब डेढ़ वर्ष से बतौर कार्यवाहक कुलपति के रुप में जिम्मेदारी संभाल रही थी। वर्तमान में मिली नई जिम्मेदारी के मुताबिक उनका कार्यकाल 5 वर्ष का होगा। वह विवि में राजनीति विज्ञान विभाग की प्रमुख और वरिष्ठ प्रोफेसर थीं। केंद्रीय एचआरडी मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अन्नपूर्णा के नाम पर राष्ट्रपति ने पिछले अक्टूबर महीने के अंत में सहमति की मुहर लगा दी थी।

सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : प्लॉट नं. 163, उद्योग विहार, ग्रैटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, यू.पी.-201308
CIN :L17112UP1993PLC022479, Email:samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com

30.09.2019 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण
(रु. लाखों में, प्रति शेयर आंकड़ों को छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन					समेकित		
		समाप्त तिमाही		वर्ष से तिथि		समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही	वर्ष से तिथि	समाप्त वर्ष
		अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित
		30.09.19	30.09.18	30.09.19	30.09.18	31.03.19	30.09.19	30.09.19	31.03.19
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	0.00	51.52	0.00	179.18	326.41	0.86	1.16	347.78
2	कर के पश्चात् सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि)	(27.93)	(23.36)	(48.90)	(55.68)	(80.56)	(282.70)	(507.92)	(1325.22)
3	कर के पश्चात् अवधि हेतु (असाधारण मदों के बाद) शुद्ध लाभ/(हानि)	(27.93)	(23.36)	(48.90)	(55.68)	(80.56)	(282.70)	(507.92)	(1325.22)
4	इक्विटी शेयर कैपिटल	1490.00	1490.00	1490.00	1490.00	1490.00	1490.00	1490.00	1490.00
5	रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	(1167.70)	(1087.14)	(1167.70)	(1087.14)	(1167.70)	(21944.08)	(21944.08)	(21944.08)
6	अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) - बेसिक और डायल्यूटिड	(0.04)	(0.03)	(0.07)	(0.07)	(0.11)	(0.38)	(0.68)	(1.78)
7	अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) - बेसिक और डायल्यूटिड	(0.04)	(0.03)	(0.07)	(0.07)	(0.11)	(0.38)	(0.68)	(1.78)

टिप्पणी :उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट तथा कम्पनी की वेबसाइट : www.samtexfashions.com पर उपलब्ध हैं।

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/- अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 15.11.2019

बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि ...

पटना। बिहार के राज्यपाल फागू चौहान, सीएम नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

आदिवासी नेता बिरसा मुंडा को झारखंड स्थापना दिवस पर रांची में श्रद्धांजलि अर्पित करते झारखंड के सीएम रघुवर दास।

एसीबी ने चीफ इंजीनियर के घर से 3 करोड़ रुपये पकड़े

- एसीबी की रेड में इतने रुपये पहली बार हुए बरामद

रांची। झारखंड में सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर के घर से 3 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। इस इंजीनियर को गुरुवार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जमशेदपुर से गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने जांच शुरू की तो उसके होश उड़ गये। जमशेदपुर के मानगो में सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर के घर छापामारी में टीम को तीन करोड़ रुपये मिले। एसीबी ने कहा है कि चीफ इंजीनियर सुरेश प्रसाद वर्मा ने ये पैसे अनैतिक तरीके से कमाये हैं। जमशेदपुर एसीबी के डीएसपी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई। एसीबी की रेड में इतने रुपये बरामद होने का पहला मामला है। यह और बात है कि घूसखोरी के मामले लगातार सामने आती रही है व एसीबी ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2019 में ही कोल्हान प्रमंडल में कुल 11 लोगों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पुरी हुए शामिल

योगी ने कानपुर मेट्रो की आधारशिला रखी

एजेंसी ⏭ कानपुर (उप्र)

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कानपुर मेट्रो परियोजना के सिविल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। यह मेट्रो आईआईटी कानपुर से स्वरूप नगर स्थित मोतीझील तक जाएगी। आईआईटी कानपुर के मेन गेट पर भूमि पूजन के बाद योगी ने बटन दबाकर मेट्रो परियोजना की शुरुआत की। कानपुर मेट्रो सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है व इसके शुरू होने के बाद शहर में प्रदूषण का स्तर कम होने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी शामिल हुए।

स्काईवेब इंफोटेक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : के-20, द्वितीय तल, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 2ए, प्रथम तल, सेक्टर-126, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301
CIN: L72200DL1985PLC019763
Website: www.skywebindia.in, Email: info@skywebindia.in, Ph.: 0120-6726800

30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सार
(आंकड़े लाखों में ईपीएस को छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन					समेकित				
		समाप्त तिमाही		समाप्त अर्ध वर्ष		समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही		समाप्त अर्ध वर्ष		समाप्त वर्ष
		30.09.2019	30.09.2018	30.09.2019	30.09.2018	31.03.2019	30.09.2019	30.09.2018	30.09.2019	30.09.2018	31.03.2019
		अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	–	–	–	3.00	3.00	–	–	–	3.00	3.00
2	अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(1.80)	(5.49)	(2.80)	(6.67)	(72.55)	(1.80)	(5.49)	(2.80)	(6.67)	(72.55)
3	कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(1.80)	(5.49)	(2.80)	(6.67)	(72.55)	(1.80)	(5.49)	(2.80)	(6.67)	(72.55)
4	कर के बाद अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/हानि	(1.80)	(5.49)	(2.80)	(6.67)	(72.55)	(1.80)	(5.49)	(2.80)	(6.67)	(72.55)
5	अवधि [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय	(1.80)	(5.49)	(2.80)	(6.67)	(72.55)	(0.37)	(1.92)	0.05	(3.10)	(71.52)
6	इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रति शेयर प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/-)	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00	100.00
7	रिजर्व्स पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट के अनुसार (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	–	–	–	–	201.09	–	–	–	–	255.05
8	अर्जन प्रति शेयर (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)										
	ए. बेसिक	(0.18)	(0.55)	(0.28)	(0.67)	(7.26)	(0.04)	(0.19)	0.01	(0.31)	(7.15)
	बी. डायल्युटेड	(0.18)	(0.55)	(0.28)	(0.67)	(7.26)	(0.04)	(0.19)	0.01	(0.31)	(7.15)

टिप्पणी :-
1. सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। उपरोक्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कम्पनी की वेबसाइट (www.skywebindia.in) और मैट्रोपोलिटिन स्टाक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (www.msei.in) पर उपलब्ध है।
2. 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और निदेशक मंडल द्वारा उनकी बृहस्पतिवार, 14 नवम्बर 2019 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किये गये।

कृते एवं बोर्ड के आदेशानुसार
स्काईवेब इंफोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
नीतेश गुप्ता
निदेशक
डीआईएन : 00030782

दिनांक : 14.11.2019
स्थान : नोएडा (यू.पी.)

राशिफल 16 नवंबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

मेष : सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। वाहन या महंगी चीज की खरीददारी करेंगे। कार्यक्षेत्र पर कोई आपकी प्रशंसा करेगा। अहंकार त्याग कर परिवार के साथ एंजॉय करें। शुभ अंकः 7, रंग : मरुन।

वृषः सेहत में सुधार के संकेत हैं। धन संबंधित मामलों को लेकर सतर्क रहें। कार्यक्षेत्र पर आपके काम की तारीफ होगी। परिवार में तनाव का माहौल हो सकता है। शुभ अंकः 6, रंगः चॉकलेट।

मिथुनः सेहतमंद रहने के लिए वजन नियंत्रित करें। किसी चीज में निवेश करने से लाभ होगा। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को धन लाभ के योग हैं। कोई आपकी मदद करेगा। शुभ अंक : 8, रंगः फोरेस्ट ग्रीन।

कर्कः धन लाभ के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र पर समस्या के समाधान में आपकी सलाह काम आएगी। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करते रहें। शुभ अंकः 11, रंगः सिल्वर।

सिंहः ऊर्जावान रहने के लिए समय समय पर ब्रेक लेते रहें। धन संबंधित परेशानियां दूर होंगी। कार्यक्षेत्र पर आपकी आपका काम ही आपकी पूंजी है। गुस्से पर काबू रखें। शुभ अंकः 18, रंगः बोटल ग्रीन।

कन्याः अपनी मजबूत इच्छा शक्ति से बुरी आदतों पर काबू पाएंगे। जल्दबाजी में कहीं भी निवेश ना करें। करियर को लेकर समस्या हो सकती है। परिवार में शांति का माहौल रहेगा। शुभ अंकः 3, रंगः पीच।

तुलाः मानसिक तनाव कम होगा। फिजूल खर्चों को कम करने की कोशिश करें। कार्यक्षेत्र पर अपनी प्रतिभा दिखाने वाला दिन है। जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकते हैं। शुभ अंकः 6, रंग : हल्का हरा।

वृश्चिकः नियमित व्यायाम से सेहत अच्छी रहेगी। फिजूल खर्चों को कम करने से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र पर अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। किसी करीबी के विदेश जाने से भावुक होंगे। शुभ अंकः 15, रंग : टरक्वॉइश।

धनुः जीवनशैली में किया गया बदलाव सेहत के लिए फायदेमंद रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र पर आज काम को एंजॉय करेंगे। ऑफिस के काम से यात्रा पर जा सकते हैं। शुभ अंक : 17, रंगः सफेद।

मकरः वजन नियंत्रित करने की कोशिश करें। धन लाभ के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र पर सभी आपके व्यावहारिक दृष्टिकोण की बात करेंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद होंगे। शुभ अंक : 2, रंगः नारंगी।

कुंभ : सेहत में सुधार के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र पर सीनियर की सलाह आपके काफी काम आएगी। परिवार में आपके योगदान की सभी तारीफ करेंगे। शुभ अंक : 5, रंगः पर्पल।

मीनः अपने प्रयासों के चलते अच्छी सेहत का आनंद उठाएंगे। दूसरों से आर्थिक मदद लेने से बचें। कार्यक्षेत्र पर सभी आपकी प्रतिभा पहचानेंगे। यात्रा पर जाकर नई लोगों से मिलना होगा। शुभ अंक : 1, रंग : लाल।

: टिप्स :

1. बेड के नीचे के स्थान में धूल नहीं जमने दें। यह आपके जीवन से असंतोष और आपसी गिले-शिकवे को दूर करता है।
2. शयनकक्ष के फर्निचर पर धूल नहीं जमने दें। शयनकक्ष में धूल, जाले हमेशा साफ रखें यह आपके प्यार को क्रियाशील बनाकर रखने में मदद करेगा।
3. कार्यस्थल या रसोईघर में छाया में रखा जाने वाला कोई पौधा रखें। इससे जीवन में सफलता मिलती है और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलता है।

टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

धरने पर छात्रः बीएचयू ने किया खान की नियुक्ति का बचाव

एजेंसी ⏭ वाराणसी

बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी ने संस्कृत विभाग में मुस्लिम प्राध्यापक की नियुक्ति का शुक्रवार को बचाव किया, कहा कि वह धर्म, जाति, समुदाय अथवा लैंगिक भेदभाव किए बिना हर व्यक्ति को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बीएचयू का स्पष्टीकरण तब आया जब एबीवीपी ने संस्कृत साहित्य विभाग में फिरोज खान का सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति का विरोध किया। बीएचयू ने कहा कि चयन समिति ने विवि अनुदान आयोग, केंद्र सरकार के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सर्वसम्मति से उक्त उम्मीदवार के चयन की अनुशंसा की है। कुलपति राकेश भटनागर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने 5 नवंबर को मुलाकात की व साक्षात्कार में आवदेक के प्रदर्शन को देखते हुए इस पद के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार की अनुशंसा की। एसवीडीवी के साहित्य संकाय में खान के चयन के विरोध में कुलपति के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। कुलपति, वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों से दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत की थी।

रामलला का दर्शन कर कटियार बोले,सोमनाथ की तर्ज पर बनेगा राम मंदिर

अयोध्या

श्रीरामजन्म भूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन करने के बाद विनय कटियार ने कहा है कि बहुत ही सुखद दर्शन हुए और अच्छा लगा। अब दिन आ गया है रामलला के मंदिर को भव्यता और दिव्यता देने का। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द श्रीरामजन्म भूमि का ट्रस्ट बन जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तय करना है उतनी ही जल्दी यहां पर मंदिर निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। श्रीरामजन्म भूमि का मार्ग भी दूसरी जगह से होगा और इस सुरक्षा के जंजाल से मुक्ति मिल जाएगी। रामलला का दर्शन पूजन हो रहा है। भव्य मंदिर का निर्माण होने में समय लगता है। श्री कटियार ने कहा कि कब तक राम मंदिर बन कर पूरा होगा यह तो रामलला जाने। आज का दर्शन बेहद खास है रामलला के दर्शन में खुशी की अनुभूति है। रामलला से हमने कहा है कि आशीर्वाद दीजिए और जल्दी काम शुरू हो।

IST LIMITED

CIN: L33301HR1976PLC008316
Regd. Office: Dharuhera Industrial Complex, Delhi- Jaipur Highway No.8, Kapriwas, Dharuhera, Rewari (Haryana)-123106
Head Office: A – 23, New Office Complex, 2nd Floor, Defence Colony, New Delhi – 110024
Phone No.: 011-24694291-92; Fax: 011-24625694; Email: istgroup.ho@gmail.com; website: www.istindia.com

EXTRACT OF FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2019
(Fig. in Lacs unless otherwise stated)

Sl No	Particulars	Standalone					Consolidated				
		Quarter Ended		Half Year Ended		Year Ended	Quarter Ended		Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2019 Unaudited	30.09.2018 Unaudited	30.09.2019 Unaudited	30.09.2018 Unaudited	31.03.2019 Audited	30.09.2019 Unaudited	30.09.2018 Unaudited	30.09.2019 Unaudited	30.09.2018 Unaudited	31.03.2019 Audited
1	Total Income from Operations	770.44	916.37	1,484.54	1,898.22	3,295.19	3,744.34	3,657.29	7,403.14	7,694.52	15,186.22
2	Net Proit for the period (before Tax, Exceptional items)	257.88	407.02	503.49	522.94	946.58	2,866.10	2,964.57	5,825.85	5,879.55	11,858.87
3	Net Profit for the period before Tax (after exceptional items)	257.88	407.02	503.49	522.94	946.58	2,866.10	2,964.57	5,825.85	5,879.55	11,858.87
4	Net Profit for the period after tax (after exceptional items)	211.27	330.02	405.48	434.38	761.26	2,148.64	2,458.78	4,304.83	4,918.86	9,789.23
5	Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)	211.09	330.33	405.14	435.00	760.63	1,869.28	2,253.52	3,764.35	4,139.27	9,501.07
6	Equity Share Capital (face value of Rs. 10/- each)	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68	584.68
7	Other Equity	-				17,860.87					73,064
8	Earning Per Share (Face value of Rs. 10/- each)										
	- Basic (Rs.)	3.62	5.66	6.95	7.45	13.05	37.25	42.34	74.50	84.63	168.69
	- Diluted (Rs.)	6.62	5.66	6.95	7.45	13.05	37.25	42.34	74.50	84.63	168.69

NOTES:
1 The above is an extract of the detailed format of the Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and half year ended 30th September, 2019 filed with the Stock Exchange (BSE Ltd..) under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and company's website www.istindia.com.

By Order of the Board
Sd/-
(S.C. Jain)
Executive Director

Place : Delhi
Date : 14th November, 2019